## इलाज नहीं, अब व्यवस्था खुद बीमार, जिंदगियों के साथ सौदा आखिर कब तक

# छिंदवाड़ा में बेलगाम होता मेडिकल माफिया

छिंदवाड़ा, मनीष गड़करी

जिले में स्वास्थ्य सेवाएं आज उस मुकाम पर खड़ी दिखती हैं, जहां इलाज से पहले मरीज को व्यवस्था की बीमारी झेलनी पड़ती है। सरकारी हो या निजी अस्पताल, पैथोलॉजी लैब, बीमा योजनाएं हर मोर्चे पर आम आदमी खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि मरीज और उनके परिजन इलाज नहीं, बल्कि "सिस्टम" से जूझते नजर आते हैं। मेडिकल माफिया का जाल इतना गहरा है कि वह सरकारी योजनाओं की आत्मा तक को खोखला कर चुका है।



### सरकारी अस्पतालः दावों की दीवार, हकीकत की दरार

शासकीय अस्पतालों में संसाधनों की कमी नई बात नहीं, लेकिन छिंदवाड़ा में यह कमी अब 'सिस्टम फेल्योर' का रूप ले चुकी है। गर्भवती महिलाओं की जांच से लेकर प्रसव तक, हर चरण में उन्हें असहनीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। क्षमता से कहीं अधिक डिलीवरी करवाई जा रही हैं, पर बिस्तरों की संख्या, आवश्यक उपकरण और प्रशिक्षित डॉक्टर तीनों का घोर अभाव है। कागजों में सब कुछ पर्याप्त दिखता है, मगर जमीनी हकीकत में वार्ड भरे पड़े हैं और मरीज फर्श पर इलाज का इंतजार करते हैं। ड्यूटी टाइम का पालन न होना, ओपीडी में डॉक्टरों का देर से पहुंचना और समय से पहले निकल जाना ये अब अपवाद नहीं, नियम बन चुके हैं। मानवीय दृष्टिकोण का अभाव सबसे बड़ी त्रासदी है। इलाज के लिए भटकते परिजन सवाल पूछते हैं, तो उन्हें या तो डांट मिलती है या टाल दिया जाता है। जिले के कलेक्टर की तमाम कोशिशों के बावजूद अनुशासन कायम नहीं हो पा रहा क्योंकि जवाबदेही का डर खत्म हो चुका है।

### निजी अस्पतालः सेवा नहीं, सीधी लूट

निजी चिकित्सालयों की तस्वीर भी कम भयावह नहीं। यहां इलाज से पहले "जमा राशि" की मांग आम बात है। पैसे न जमा करने पर इलाज रोक देने या गलत इलाज करने की शिकायतें आए दिन सुनाई देती हैं। मरीजों के परिजनों को डर और मजबूरी के बीच झुकना पड़ता है। फीस की पारदर्शिता नहीं, बिलिंग में मनमानी, और जरूरत से ज्यादा जांच यह सब निजी स्वास्थ्य उद्योग की कड़वी सच्चाई बन चुका है।सबसे चिंताजनक पहलू है सरकारी बीमा योजनाओं का दुरुपयोग। आयुष्मान भारत जिसका उद्देश्य गरीब को कैशलेस इलाज देना था आज कई जगह भ्रष्टाचार का केंद्र बनती दिख रही है। आयुष्मान-सर्टिफाइड अस्पताल और डॉक्टर कथित तौर पर फर्जी बिलिंग, अनावश्यक प्रक्रियाओं और कागजी इलाज के जरिए मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। जांच और कार्रवाई के नाम पर भी भ्रष्टाचार की परतें खुलती हैं, जिससे दोषियों के हौसले और बुलंद हो जाते हैं।

### पैथोलॉजी लैबः जांच के नाम पर ठगी

निजी पैथोलॉजी लैबों में भी मरीजों के साथ खुली लूट के आरोप कम नहीं। अनावश्यक टेस्ट, रिपोर्ट में देरी, और अलग-अलग जगह अलग रेट इन सबने भरोसा तोड़ा है। कई मामलों में डॉक्टर और लैब के बीच 'कट-प्रैक्टिस' की आशंकाएं भी उठती रही हैं। शिकायत करने पर जांच की फाइलें खुलती हैं, लेकिन परिणाम अक्सर "लीपा-पोती" तक सिमट जाते हैं। आम आदमी के लिए न्याय की राह यहां भी कठिन है।

### जनसुनवाई में कलेक्ट्रेट में महिला का हंगामा, कलेक्टर ने सीएचएमओ और सिम्स के डीन को लगाई फटकार

मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान अनुकंपा नियुक्ति के विषय को लेकर परेशान महिला अचानक फूट फूटकर रो पड़ी। जिस पर कलेक्टर ने समस्या का शीघ्र निराकरण के तत्काल आदेश देते हुए सीएचएमओ और सिम्स के डीन को कड़ी फटकार लगाई। कलेक्टर को देखकर महिला का सब्र का बांध टूट गया। वह फूट फूटकर रोने लगी। स्वास्थ्य विभाग की बीमार कार्यप्रणाली और सीएचएमओ कार्यालय की वर्तमान स्थिति को देखकर यह तो तय है कि मेडिकल माफिया छिंदवाड़ा की आम जनता के साथ किस तरह खिलवाड़ करने में लगा है। जनसुनवाई के इस नजारे ने बीमार व्यवस्था की सच्चाई सामने ले बयां की है।

राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है। कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 108 आवेदकों की समस्यायें सुनी। इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये। जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन का सीमांकन करने, संबल योजना का लाभ दिलाने, सड़क बनाने, अनुकम्पा नियुक्ति दिलाने, राजस्व अभिलेख में नाम दर्ज करने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी। कलेक्टर श्री नारायन ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता से साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिए भी चिन्हांकित किया। जनसुनवाई कार्यक्रम में आज ग्राम हिवरावासुदेव के समस्त किसानों ने गेल इंडिया लिमिटेड द्वारा लगाई गई पाइप लाईन का मुआवजा दिलाने, ग्राम रावनवाड़ा के वार्ड नंबर-10 की श्रीमती गुलसबा बानो ने पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने, उमरेठ के ग्राम पुरा के श्री विनोद चन्द्रवंशी ने पीएम किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने एवं जमीन रेकॉर्ड के खसरे में नाम जोड़ने, अमरवाड़ा के वार्ड क्रमांक-03 व 04 के वार्डवासियों ने मोहल्ले में नालियों को छोड़कर 15 फीट की रोड निर्माण कराने, ग्राम सिहोरामऊका के श्री राहुल ठाकुर ने अनुभव प्रमाण पत्र में त्रुटि सुधार करने, ग्राम सुरलाखापा की श्रीमती राजकुमारी डेहरिया ने अनावेदक का गरीबीरेखा सूची से नाम काटने, छिंदवाड़ा नगर के चंदनगांव निवासी श्री दादूराम यदुवंशी ने कृषि भूमि का नामांतरण की कार्यवाही को बंटवारे की कार्यवाही में परिवर्तित कर आदेश पारित करने, छिंदवाड़ा नगर के श्री मोहन सिंगारे ने पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने एवं नगर के पुराना छापाखाना की श्रीमती अनीषा खातून ने खाद्यान्न पर्ची बनवाने आदि के आवेदन प्रस्तुत किये। इस दौरान कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में एडीएम श्री धीरेन्द्र सिंह व डिप्टी कलेक्टर श्री राहुल कुमार पटेल सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारियों द्वारा भी आवेदनों पर सुनवाई की गई, जबकि अन्य सभी खंड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जनसुनवाई में शामिल हुये।

### जांच एजेंसियां और सहकारी महकमा

सवालों के घेरे मेंविगत दिनों सहकारी कार्यालय में हुए लोकायुक्त के छापे ने व्यवस्था की जड़ तक फैले भ्रष्टाचार की ओर इशारा किया है। आरोप हैं कि मेडिकल माफिया के साथ कदमताल कर कई महकमे काम कर रहे हैं चाहे वह संलग्नीकरण का खेल हो, ट्रांसफर-पोस्टिंग का बाजार हो, या शासकीय योजनाओं में हिस्सेदारी। हर स्तर पर कमीशनखोरी की बातें सामने आती हैं। नतीजा यह कि कार्रवाई का डर खत्म और भ्रष्टाचार की भूख बढ़ती जा रही है।

### जांच एजेंसियां और सहकारी महकमा

सवालों के घेरे मेंविगत दिनों सहकारी कार्यालय में हुए लोकायुक्त के छापे ने व्यवस्था की जड़ तक फैले भ्रष्टाचार की ओर इशारा किया है। आरोप हैं कि मेडिकल माफिया के साथ कदमताल कर कई महकमे काम कर रहे हैं—चाहे वह संलग्न कारणों का खेल हो, ट्रांसफर-पोस्टिंग का बाजार हो, या शासकीय योजनाओं में हिस्सेदारी। हर स्तर पर कमीशनखोरी की बातें सामने आती हैं। नतीजा यह कि कार्रवाई का डर खत्म और भ्रष्टाचार की भूख बढ़ती जा रही है।

### मानवीय संकटः सबसे ज्यादा पीड़ित महिलाएं और गरीब

इस पूरे खेल का सबसे बड़ा खामियाजा गर्भवती महिलाएं, नवजात और गरीब परिवार भुगत रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में भीड़ और अव्यवस्था, निजी में महंगा इलाज दोनों के बीच फंसा आम नागरिक आखिर जाए तो जाए कहां? कई बार समय पर इलाज न मिलने से जिंदगियां दांव पर लग जाती हैं। यह सिर्फ प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि नैतिक पतन का भी संकेत है।

### जवाबदेही का सवालः कौन जिम्मेदार?

सवाल उठता है कि आखिर इस बेलगाम व्यवस्था का जिम्मेदार कौन है? क्या सिर्फ डॉक्टर? क्या सिर्फ निजी अस्पताल ? या फिर वह पूरा तंत्र, जिसने निगरानी को मजाक और कार्रवाई को सौदेबाजी बना दिया है? जब तक सख्त ऑडिट, रियल-टाइम मॉनिटरिंग और उदाहरणात्मक दंड नहीं होगा, तब तक सुधार की उम्मीद खोखली ही रहेगी। आयुष्मान जैसे कार्यक्रमों की स्वतंत्र, पारदर्शी जांच अनिवार्य है वरना गरीब के नाम पर अमीर और अमीर होते रहेंगे।

### रास्ता क्या है?

समाधान कठिन जरूर है, असंभव नहीं। सरकारी अस्पतालों में संसाधनों की वास्तविक जरूरत के अनुसार तैनाती। ड्यूटी पालन की डिजिटल निगरानी और गैरहाजिरी पर कठोर कार्रवाई।निजी अस्पतालों और पैथोलॉजी लैबों की नियमित, स्वतंत्र जांच। आयुष्मान योजनाओं में थर्ड-पार्टी ऑडिट और मरीज-फीडबैक की बाध्यता। शिकायतों पर समयबद्ध और सार्वजनिक कार्रवाई जब तक यह सब नहीं होगा, तब तक छिंदवाड़ा ही नहीं, पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य सेवा "सेवा" कम और "व्यवसाय" ज्यादा बनी रहेगी।

### आगे क्या?

आने वाले समय में हम खोजी रिपोर्ट्स के जरिए जिले के अलग-अलग निजी अस्पतालों, पैथोलॉजी लैबों और शासकीय संस्थानों की वास्तविक स्थिति सामने लाएंगे। नाम, आंकड़े और दस्तावेज सब कुछ। क्योंकि सवाल सिर्फ व्यवस्था का नहीं, जिंदगियों का है और जिंदगियों के साथ समझौता किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं।

---

## ओलम्पियाड परीक्षा में सोनापीपरी प्रथम, सरपंच ने किया सम्मानित

**परासिया।** गत दिनों शिक्षा विभाग द्वारा जिला स्तरीय ओलम्पियाड परीक्षा आयोजित की गई,जिसमें सम्पूर्ण छिंदवाड़ा जिले के विद्यार्थियों ने भाग लिया। उक्त परीक्षा में शासकीय माध्यमिक शाला सोनापीपरी (परासिया) की छात्रा कुमारी श्रद्धा तागडे पिता दीपक तागडे ने गणित विषय में सबसे अधिक अंक लेकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। ज्ञात हो कि-ओलम्पियाड परीक्षा में परासिया ब्लाक से चयनित होने वाली श्रद्धा एकमात्र छात्रा है।इस उपलब्धि के अवसर पर ग्राम पंचायत- सोनापीपरी की सरपंच श्रीमती पार्वती डेहरिया एवं शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष श्रीमती संध्या सराठी ने छात्रा एवं उसके माता-पिता तथा शिक्षकों के सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें छात्रा श्रद्धा उसके पिता दीपक तागडे एवं माता कीर्ति तागडे के साथ-साथ गणित विषय की शिक्षिका श्रीमती रश्मि सोनी तथा शाला की प्रभारी प्रधान अध्यापक श्रीमती विभा तिवारी की प्रशंसा करते हुये सभी का पुष्पहार शाल श्रीफल के साथ-साथ प्रशस्ति-पत्र, स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मान किया गया। सम्मान समारोह को पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी एम एल शर्मा, मंजूषा जोशी हाईस्कूल प्राचार्य, मन्युप्रसाद सोनी,श्याम कावेरी,रामविलास रघुवंशी,सोनू डेहरिया ने संबोधित किया।इस अवसर पर शाला के शिक्षक/शिक्षिकायें,शाला प्रबंधन समिति के सदस्य सहित पालकगण,छात्र-छात्रायें उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में कांचना नायडू ने आभार व्यक्त किया।



## छात्रावास में छात्रा ने फांसी लगाने का किया प्रयास

### अधीक्षक पर लगाए मारपीट करने के आरोप , एसडीएम से हुई शिकायत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

न्यूटन में स्तिथ अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास में एक सातवीं की छात्रा खुद को फांसी लगाने की कोशिश की। छात्रा द्वारा बताया गया , कि छात्रावास अधिक्षिका ने उसके साथ मारपीट की जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। इस मामले की शिकायत एस डी एम से की गई है ।न्यूटन में स्तिथ कन्या छात्रावास पिछले कुछ समय से विवादों के घेरे में हैं। यहां अक्सर छात्राओं के द्वारा अधिक्षिका को लेकर शिकायतें सुनने को मिलती हैं। छात्राओं से मारपीट किए जाने , व्यक्तिगत काम कराए जाने जैसी शिकायतें यहां आम हो चुकी है। हाल ही में जो मामला सामने आया है वह थोड़ा गंभीर है । छात्रावास की एक छात्रा ने दुपट्टे से खुद को फांसी लगाने की कोशिश की , साथी छात्राओं ने देखा तो उसे रोक लिया । छात्रा का कहना , है , कि अधिक्षिका छात्रा से खुद के कमरे का झाड़ू पोछा करवाती है । खाना बनवाती है । छात्रा ने कुछ पापड़ तल कर खा लिए तो अधिक्षिका ने उसे मारा । वहीं अधिक्षिका का कहना है , कि 14 फरवरी को छात्रा के परिजन उसे महादेव मेला ले जाने का कहकर ले गए । जब उसे वापस छात्रावास लाकर छोड़ा गया , उसके बाद से वह अजीब तरह का बर्ताव कर रही है । यह बताने के लिए कई बार उसके परिवार वालों को फोन किया गया , लेकिन उन्होंने न फोन उठाया और न ही खुद से संपर्क करने की कोशिश की । बहरहाल परिजनों ने एस डी एम से शिकायत कर मामले में जांच की मांग की है ।

## तनय जैन बने स्केल 2 बैंक अधिकारी



**छिंदवाड़ा।** मात्र 26 वर्ष की आयु में तनय जैन का चयन ग्रामीण बैंक में स्केल 2 अधिकारी पद में हुआ है। वे राजपाल चौक निवासी तरूण कुमार जैन (सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर) एवं सरीता जैन के सुपुत्र है तनय जैन का चयन **RRB IBPS Exam** 2025 में शानदार सफलता हासिल कर ना केवल अपने परिवार का नाम रोशन किया , बल्कि नौकरी करते हुए तैयारी करने वाले अभ्यार्थियों के लिए एक मिशाल पेश की है। गौरतलब है कि तनय जैन ने कक्षा 12 वी विधा भूमि पब्लिक स्कूल से पास किया एवं ग्रेजुएशन **MBA** मुम्बई यूनिवर्सिटी से किया है। तनय जैन स्केल 2 स्पेशल आफिसर के रूप में उड़ीसा ग्रामीण बैंक में कोषाधिकारी के पद पर चयनित हुए हैं। वर्तमान में आप मुम्बई में कार्यरत हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता श्रीमती सरीता जैन, पिता तरूण कुमार जैन (सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर) बहन इंजी तन्वी आशीष जैन भाई भाभी दीक्षा तनसू कुमार जैन को दिया है।

## अवैध कॉलोनियों पर सख्तीः वार्ड 48 और 36 में कार्रवाई के निर्देश, एफआईआर दर्ज होगी

**छिन्दवाड़ा।** शहर में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ नगर निगम आयुक्त सी.पी.राय ने सख्त रुख अपनाते हुए वार्ड क्रमांक 48 के खसरा नंबर 200/1/1/2 तथा वार्ड क्रमांक 36 के खसरा नंबर 54 पर चल रही निर्माण गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश जारी किए हैं। बिना वैधानिक अनुमति प्लॉटिंग और कॉलोनी विकसित किए जाने की शिकायतों के बाद यह कार्रवाई की गई है। नगर निगम आयुक्त श्री राय ने आदेश जारी कर दोनों ही स्थानों पर अवैध निर्माण ध्वस्त करने, संबंधित क्षेत्रों को अवैध कॉलोनी घोषित करने तथा कॉलोनाइजरों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार, पहले मामले में यमला बाला सुब्रमण्यम, गुरुदास, प्रवीता विश्वकर्मा, कृष्ण सैनी, हरिप्रसाद नागवंशी, सचिन विश्वकर्मा, संगीता डेहरिया, उमा पाल, दीक्षा ठाकरे और श्रवण आदि द्वारा बिना अनुमति कॉलोनी विकसित किए जाने की जानकारी सामने आई है। जांच में पाया गया कि संबंधित भूमि पर बाउंड्रीवाल, सीसी सड़क, नाली निर्माण तथा विद्युत पोल लगाने जैसे कार्य भी कराए गए हैं। दूसरे मामले में ग्राम सर्रा की खसरा संख्या 54/3/1, रकबा 1.6420 हेक्टेयर भूमि पर महादेव राव द्वारा कॉलोनी विकसित किए जाने तथा बाउंड्रीवाल, सीसी सड़क, नाली और विद्युत पोल लगाए जाने की सूचना मिली है।

## सीएम हेल्पलाइन में लापरवाही पर कटेगा वेतनः कलेक्टर

### कलेक्टर श्री नारायन ने की समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली। बैठक में अपर कलेक्टर धीरेन्द्र सिंह, एसडीएम सुधीर जैन, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत श्री पी. राजौदिया सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। जिला मुख्यालय के अतिरिक्त सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल थे।




#### लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा

बैठक में सीएम हेल्पलाइन, सीएम ऑफिस, सीएम हाउस, जनआकांक्षा, न्यायालयीन प्रकरणों तथा विभिन्न आयोगों के लंबित पत्रों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री नारायन ने स्पष्ट निर्देश दिए कि समय-सीमा के भीतर शिकायतों और प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। निराकृत पत्रों के जवाब सभी संबंधित को प्रेषित कर दिये जायें।

#### नॉट अटैंड शिकायतों पर नाराजगी

सीएम हेल्पलाइन में 17 शिकायतों के नॉट अटेंडेड पाए जाने पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही पुनरावृत्ति करने वाले अधिकारियों का वेतन काटने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी इन्हें गंभीरता से लें।

#### 'संकल्प से समाधान' अभियान की समीक्षा

राज्य शासन द्वारा सभी पात्र हितग्राहियों को कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिये संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है। बैठक में 'संकल्प से समाधान' अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री नारायन ने तिथिवार शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक नागरिकों से आवेदन प्राप्त करने और उन्हें पात्रता अनुरूप योजनाओं से लाभान्वित करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर योजनाओं का शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करना है।

**जर्जर भवनों में स्कूल-आंगनबाड़ी संचालन पर सख्ती** - कलेक्टर श्री नारायन ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी जर्जर भवन में स्कूल या आंगनबाड़ी संचालित न किए जाएं। इसी तरह सभी स्कूलों की बाउंड्री वॉल की हालत भी देख ली जाए। बच्चों और आमजन की सुरक्षा से किसी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### जगह-जगह किए जा रहे है रेत के अवैध भंडारण, हरिभूमि लगातार प्रकाशित कर रहा खबरें

## कलेक्टर के निर्देशः भाजपा मंडल के पत्र के बाद भी नहीं रुक रही रेत चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



जिले भर के साथ तामिया क्षेत्र में रेत के अवैध उत्खनन की लगातार शिकायते मिल रही है, जिस पर हर मीटिंग में कलेक्टर खनिज एवं राजस्व विभाग को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश देते हैं, लेकिन कई महीनो से खनिज निरीक्षक की कारवाई से संबंधित उपस्थिति देखने सुनने नहीं मिली जिस कारण रेत के अवैध उत्खनन को जमकर बढ़ावा मिला और रेत की चोरी में लगातार इजाफा होता चला आ रहा है। वहीं राजस्व विभाग भी रेत चोरी पर कार्रवाई करने कभी सक्रिय नजर नहीं आया, वही कुआं बादला, दौरिया खेड़ा कुर्सी ढाना बागई मे रेत का अवैध उत्खनन लगातार हो रहा है। अब तो आलम यह हो गया है! कि भाजपा मंडल तामिया द्वारा तामिया पुलिस एवं तहसीलदार को रेत की चोरी पर कार्रवाई करने पत्र लिखा गया था, लेकिन कलेक्टर के निर्देश भाजपा मंडल के पत्र के बावजूद भी रेत के अवैध उत्खनन पर अंकुश लगता नजर नहीं आ रहा है, जिसका नजारा कुआं वादला क्षेत्र मै बहने वाले नदी नालों से आज भी रेत का अवैध उत्खनन दिन में कर रेत का भंडारण किया जा रहा है और इसी भंडारण को रात में बेचा जा रहा है। इन भंडारण से रेत लेकर तामिया की और ट्रक आते हैं। इस तरह रेत की.चोरी पर प्रतिबंध लगता नजर नहीं आ रहा है।

## मौतों के बाद भी नहीं थम रहा है अवैध उत्खनन, माफिया पर नहीं होती कार्यवाही

# मुआरी में दो साल उत्पादन बंद लेकिन क्षेत्र में संचालित है कोल माफिया की अवैध खदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

मोहन कालरी की मुआरी ओपन कास्ट माईस के आसपास से लाखों रुपए के कोयला चोरी का खुलासा हुआ है। जहां डब्लूसीएल एवं संयुक्त टीम को खदान के बाहर बोरियों में भरा कोयले का ढेर मिला। इस कोयले को पुलिस को सौंपा । जानकारी अनुसार मोहन कालरी स्थित मुआरी ओपन कास्ट माईस लगभग दो साल से बंद है।लेकिन कोल माफिया की अवैध खदानों से उत्पादन में कोई कमी नही आई है रविवार को बंद खदानों के निरीक्षण के दौरान धाऊ में डब्लूसीएल के अफसरों व संयुक्त टीम को खदान के बाहर बोरियों में भरा हुआ कोयले मिला है ।

बंद खदान के अंदर से बोरियों में भरकर यह स्टाक किया गया था कन्हान एरिया बंद खदानों में अवैध उत्खनन पर संयुक्त कार्यवाही में 50 बोरी कोयला जब्त,कर एक आरोपी को पकड़ा गया है अंबाड़ा क्षेत्र में बंद पड़ी वेस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड खदानों में अवैध रूप से कोयला उत्खनन की सूचना पर राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं वेकोलि प्रबंधन द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान लगभग 50 बोरी अवैध कोयला एवं एक मोटर साइकिल जब्त किया गया मौके से एक आरोपी कोयला तस्कर फैजाब हसन अंसारी पिता अली हसन अंसारी उम्र 30 साल निवासी धाऊ मोहल्ला अंबाडा को पकड़ा गया, मामले की जांच की जा रही है संयुक्त कार्यवाही में नायब तहसीलदार जुन्नारदेव मोहित बोरकर, चौकी प्रभारी अंबाडा उपनिरीक्षक संजय सोनवानी, पटवारी विजय कुमार धुर्वे,वेकोलि के हेड सिक्योरिटी गार्ड गणेश खातरकर, सतीश डेहरिया, गुरु प्रसाद एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

अधिकारियों के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर त्वरित कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से एकत्रित कोयला जप्त किया और वैधानिक प्रक्रिया प्रारंभ की।राजस्व विभाग द्वारा कोयले की विधिवत जप्ती कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है तथा उक्त आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बंद खदानों में किसी भी प्रकार का उत्खनन पूर्णतः अवैध है और इस प्रकार की गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखी जाएगी।

### मौत के बाद भी नहीं थम रहा अवैध उत्खनन

कोल माफिया के द्वारा मजदूरों की जान जोखिम में डालकर बंद खदानों से कोयला निकालने का प्रयास करते है । बंद खदानें अत्यंत खतरनाक होती हैं, जहां जमीन धंसने, जहरीली गैस निकलने या अचानक दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। यह न केवल व्यक्ति विशेष बल्कि सभी के लिए जानलेवा साबित हो सकता है या पुलिस प्रशासन किसी बड़े हादसा का इंतजार कर रहा है ।

### बिना नंबर के वाहनों का होता है इस्तेमाल

कोयले के अवैध परिवहन के लिए बिना नंबर के दुपहिया और फोर व्हीलर वाहनों का इस्तेमाल किया जाता है। रात के अंधेरे में इन वाहनों के चालक हेड लाइट बंद कर तेज गति से इन वाहनों में कोयले कि बोरियां रखकर ईंट भट्टों तक पहुंचाते हैं। जहां यह कोयला 180 रुपए प्रति बोरी के हिसाब से बिकता है। क्षेत्र में संचालित ईंट भट्टे चोरी के कोयले से सुलग रहे हैं, जिनके आसपास चोरी के कोयले को देखा जा सकता है।

### सेटिंग से होता हैं कोयला कारोबार

कन्हान के उपक्षेत्र अम्बाड़ा संचालित खदान मुआरी और मोहन ओपन कास्ट एवं धाऊ के आसपास से बड़े पैमाने पर कोयला चोरी हो रहा है। कोल माफिया ने अपनी खदाने खोलकर मजदूर लगाकर कोयले का उत्खनन कर चोरी कराया जा रहा है। मजदूर खदान के अंदर से सुरंग बनाकर कोयला निकाल इकट्ठा कर बारियों में भर देते हैं। रात में बिना नम्बरों के वाहनों से यह बोरियां धाऊ, शीलादेही, हिंगलाज, वेरियल चिमनी मोहल्ला सहित आसपास के ठिकानों पर स्टॉक होता है। खदान प्रबंधन, पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था में सेंध लगाकर कोयला तस्कर दिन के उजाले में खनन कर कोयला बोरियों से बाहर लाते हैं। फिर रात के अंधेरे में कोयले की बोरियां तस्करों तक पहुंचाई जाती है।

### 100 रुपए बोरी में खरीददते हैं कोयला

चोरी का कोयला खरीदने वाले तस्कर बच्चे, महिलाएं व युवकों को 100 रुपए प्रति बोरी का लालच देकर खदानों के अंदर भेजते हैं। महिलाओं व बच्चों से जोखिम उठाकर खदानों से कोयला चोरी कराते हैं।और क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित ईंट भट्टों में सप्लाई होता है खदानों से होने वाला तस्करों के जरिए ईंट भट्टों में महँगे दामो में बेचा जाता है। सूत्रों की माने तो चांदामेटा, बड़कुही, कर्मवीर कॉलोनी, गुढ़ी, लाटखेड़ा नजरपुर, जमकुंडा में संचालित ईंट भट्टों में चोरी का कोयला बेचा जा रहा है।

**इनका कहना है**

पुलिस प्रशासन हमेशा ही छोटे छोटे मजदूर पर कार्यवाही कर अपना पल्ला झड़ लेती है लेकिन बड़े सरगना और माफिया पर कार्यवाही करने से पहरेज करती है अवैध कारोबार संचालक पर जिलाबदर जैसी कार्यवाही होना चाहिए जिससे क्षेत्र में चल रहे अवैध पर रोक लग सके इस मामले को लेकर हम उग्र आंदोलन करेंगे।

कमल राय, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष परासिया

## मोक्षधाम परिसर में लकड़ी और कंडे की सुविधा का शुभारंभ




**परासिया :** मोक्षधाम परिसर परासिया में महाकाल सेवा समिति द्वारा रियायती मूल्य पर लकड़ी और कंडे की सुविधा प्रारम्भ की गई है । 24 फरवरी मंगलवार से यह सुविधा प्रारम्भ हो गयी है । इस सुविधा का शुभारंभ शहर के गणमान्य नागरिकों की उपस्तिथि में परासिया के वरिष्ठ चिकित्सक अंकुर बत्रा द्वारा किया गया ।*कार्यक्रम में जेठूलाल लाल सोनी , जगदीश चौरसिया , रामविलाश रघुवंशी , गुरदीप भाई ने अपने विचार रखे और नगर पालिका के माध्यम से परिसर के सौंदर्यीकरण और परिसर की सुरक्षा के लिए पीछे का गेट लगवाने और स्थायी चौकीदार की नियुक्ति हेतु प्रयास करने की बात रखी गयी । कार्यक्रम का संचालन गणेश देशमुख ने किया । इस अवसर पर नवल सिंह परिहार , सुनील सुर्यवंशी , दिनेश तंतुवाय , विजय मेहता , मंजू सोनी , पूर्व पार्षद कचरा बाई , श्रीनिवास तिवारी , राजेश तिवारी , प्रदीप सोनी , अविनाश अग्रवाल , नवीन यादव , तारेंद्र नीखरा , राजेन्द्र बनारसे , विनोद जैन, राजकिशोर परमार , डॉ राजेन्द्र सोनी , यमुना दुबे ,संतोष साहू कांटे वाले , टीकाराम साहू , देवानंद बैस, मुन्ना बेन , प्रवीण मिश्रा, दीपक राय , पार्षद संतोष डहेरिया , आकाश माहोरे , सलीम खान , संजय यादव, अखिल सोनी , कृष्णा सुर्यवंशी , हेमंत खंडागड़े , राजा विश्वकर्मा , संजय चौरसिया , दिलीप जैन , बाबा ठाकुर , मुकेश दुबे , अखिल चौबे , कैलाश वर्मा , मिहीलाल सेन , मुकेश बन्देवार , मुकेश अग्रवाल , मयंक सेतिया आदि उपस्तिथ रहे ।

## आज संकल्प से समाधन अभियान अंतर्गत नगर पालिका में शिविर

**जुन्नारदेव** :विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य अनुरूप शासन द्वारा संचालित योजनाओ एवं सेवाओं का पूरा लाभ नगरीय निकायों पर उसके पात्र हितग्राहियों तक समय सीमा-सीमा में पहुँचाने हेतु ₹ संकल्प से समाधन अभियान विषयान्तर्गत आज नगर पालिका में शिविर का आयोजन 25-02-2026 दिन बुधवार को समय 12.00 बजे से आयोजित है।जिसमें शिविरो के माध्यम से शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन कर हितग्राही मूलक योजनओं से संबंधित हितग्राहियो को लांभावित किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी नगर पालिका अधिकारी ने दिया। तथा सभी वार्ड पर्षदों को पत्र प्रेषित कर शिविर में ज्यादा से ज्यादा लोगों को शामिल करने की अपील की गई।

## जन जागरूकता एवं सेवा भाव के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का हुआ समापन

**जुन्नारदेव।** शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव की छात्रा इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम उमरिया फदाली में दिनांक 17 से 23 फरवरी 2026 तक आयोजित किया गया था जिसका भव्य समापन समारोह कार्यक्रम 23 फरवरी को ग्राम उमरिया फदाली के ग्राम पंचायत भवन में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम ने ग्राम विकास और छात्र नेतृत्व की एक नई मिसाल पेश की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ए के टांडेकर रहे। समारोह में प्रोफेसर आर डी वाडीवा, प्रोफेसर आरके चंदेल, ग्राम सरपंच ज्योति कुमरे, सचिव गोकल शाह नर्रे, प्रधान अध्यापिका मरकाम मैडम, चोरिया मैडम, वर्मा मैडम एवं गुगनानी मैडम सहित महाविद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। स्वयंसेविकाओं ने "उठे समाज के लिए उठे" समूह गीत और एन एस एस के सेवा गीत के माध्यम से देशभक्ति और सेवा का संदेश दिया। जोशपूर्ण नारों ने पूरे वातावरण को ऊर्जा से भर दिया। शिविर के दौरान छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए वेस्ट टू बेस्ट कॉर्नर तैयार किया, जो आकर्षण का केंद्र रहा, प्लास्टिक की पुरानी बोतलों को गमलों का रूप देकर उनमें तुलसी के पौधे रोपे गए जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश मिला।

## भाजपा कार्यकर्ताओं से मिले नागदवने

**परासिया।** शासकीय सेवा से निवृत होने के बाद परासिया में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी रहे विनायक नागदवने मंगलवार को परासिया भाजपा कार्यालय आए और कार्यकर्ताओं से मिले । उन्होंने सेवा निवृत्ती के बाद भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है । श्री विनायक कृषि अधिकारी होने के नाते ग्रामीण किसानों से सीधे संपर्क में रहे हैं । उनका भाजपा में शामिल होना पार्टी के लिए सकारात्मक परिणाम भविष्य में साबित होगा । श्री विनायक का कहना है , कि वे भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं । अपने सेवा काल में उन्होंने किसानों की समस्याओं को भली भांति जाना है । वे पार्टी पदाधिकारियों के सहयोग से किसानों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे ।



## परामर्शदात्री समिति की 21 वीं बैठक महाप्रबंधक की अध्यक्षता में संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की 21 वी बैठक महाप्रबंधक तरुण प्रकाश जी की अध्यक्षता में जोनल कांफ्रेस हॉल बिलासपुर में संपन्न हुई महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के हस्ते जेड आर यू सी सी मेम्बर का शाल श्रीफल से अभिनंदन किया गया जिले का प्रतिनिधित्व जिले के एकमात्र सदस्य के रूप में सांसद प्रतिनिधि जेड आर यू सी सी मेम्बर सत्येन्द्र ठाकुर ने किया श्री ठाकुर ने जिले के रेल विकास से संबंधित कई विषयों को मीटिंग में प्रमुखता से उठाया जो निम्नानुसार है 1.छिन्दवाड़ा से इंदौर उज्जैन के लिए एक इंटरसिटी ट्रेन प्रारंभ की जाये क्योंकि इंदौर मध्यप्रदेश का शिक्षा का हब है बड़ी संख्या में विधार्थी अध्ययन के लिए इंदौर जाते है साथ ही महाकाल की नगरी उज्जैन के लिए भी प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण का आवागमन होता रहता है 2.छिन्दवाड़ा होकर प्रतिदिन इंदौर चलने वाली पेंचवेली ट्रेन में **AC**-2 और **AC**-3 व स्लीपर के कोच बढ़ाए जाने चाहिए 3.टाटानगर इतवारी एक्सप्रेस को छिंदवाड़ा तक बढ़ाया जाना चाहिए 4.छिन्दवाड़ा होकर फिरोजपुर चलने वाली पातालकोट एक्सप्रेस में यात्रियों के भोजन के लिए पेट्रीकार लगाया जाना चाहिए 5.छिन्दवाड़ा होकर फिरोजपुर जाने वाली पातालकोट एक्सप्रेस का 2 मिनट का स्टापेज दतिया में होना चाहिए क्योंकि माता पीतांबरा माई के दर्शन के लिए बड़ी मात्रा में श्रद्धालुगण दतिया जाते है साथ ही जैन समुदाय का प्रसिद्ध तीर्थस्थल सोनागिर भी दतिया जिले में है इसके जवाब में महाप्रबंधक तरुण प्रकाश जी ने आश्वासन दिया कि वो पूरी मांगों के लिए उचित प्रयास करेंगे इस बैठक में महाप्रबंधक तरुण प्रकाश,जेड आर यू सी सी मेम्बर सत्येन्द्र ठाकुर,मंडल रेल प्रबंधक दीपक गुप्ता,डी जी एम समीर कांत माथुर ,समस्त रेल अधिकारी व जोन के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## उर्वशी एवं उसके दिव्यांग पुत्र ईश्वर बडगैया की समस्या का हुआ समाधान

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने की त्वरित कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज लांजी।



लांजी तहसील के ग्राम दुल्हापुर की उर्वशी बडगैया एवं उसके दिव्यांग पुत्र ईश्वर बडगैया की समस्या का कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने जनसुनवाई में समक्ष में सुनकर समाधान कर दिया है। कलेक्टर श्री मीना ने लांजी एसडीएम को निर्देशित किया है कि उर्वशी बडगैया एवं सुखदेव बडगैया के परिवार की भूमि का सीमांकन करें। इसके साथ ही उर्वशी बडगैया एवं उसके दिव्यांग पुत्र की स्थिति को देखते हुए सुखदेव एवं उर्वशी के मकान की दीवारों के बीच की भूमि पर दीवार भी बनाने के निर्देश दिये है, जिससे उर्वशी के मकान की दीवार को किसी तरह की क्षति न पहुंच सके। कलेक्टर द्वारा दिये गए निर्देश से उर्वशी एवं उसका दिव्यांग पुत्र ईश्वर बडगैया संतुष्ट हुए है और अब खुश है।उल्लेखनीय है कि ग्राम दुल्हापुर के सुखदेव बडगैया एवं शिकायतकर्ता उर्वशी बडगैया एक ही परिवार के सगे संबंधी है। सुखदेव बडगैया द्वारा अपने हिस्से में मकान बनाने का कार्य किया जा रहा है। इस पर उर्वशी बडगैया द्वारा आपत्ति ली जा रही है कि इससे उसके पुराने मकान की दीवार क्षतिग्रस्त हो रही है। 24 फरवरी को कलेक्टर श्री मीना ने उर्वशी एवं उसके पुत्र ईश्वर की समस्या को गंभीरता से सुना और तत्काल लांजी एसडीएम को दूरभाष पर निर्देशित किया कि सुखदेव एवं उर्वशी की भूमि का सीमांकन कराए। इस दौरान उर्वशी के दिव्यांग पुत्र ईश्वर ने स्वीकार किया कि उसे कभी पेशी पर नही बुलाया गया है। उर्वशी ने बताया कि वह कम पढी लिखी है और उसे शासकीय प्रक्रिया की समझ नही है इस कारण से वह अपने दिव्यांग पुत्र को पेशी पर साथ लेकर आती रही है।

## लांजी में आयोजित शिविर में एलिमको टीम जबलपुर ने किया उपकरण वितरण

# दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर में 103 बच्चों को मिले 136 उपकरण



हरिभूमि न्यूज लांजी।

शिक्षा अभियान अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिये दिनांक 24 फरवरी 2026 दिन मंगलवार को जनपद शिक्षा केन्द्र लांजी में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चयनित बच्चों को आवश्यकता अनुसार सहायक उपकरण एलिमको टीम जबलपुर द्वारा चिन्हित बच्चों को किया गया।

शिविर में 103 दिव्यांग बच्चों को 136 उपकरणों का वितरण किया गया, जिनमें श्रवण यंत्र-24, एमएस आईडी किट-60, ट्राईसायकल-4, वहील चेयर-12, सीपी चेयर-9, ब्रेल कीट-3, केलीपर्स-8, रोलेटर-14, सूग्मय केन-2 शामिल हैं।

शिविर का आयोजन श्री शिवेन्द्र उके (बी.आर.सी.) लांजी के मार्ग दर्शन में किया गया। शिविर में एलिमको सहायक श्री रामकुमार सिंह, जनपद शिक्षा केन्द्र लांजी से बीएसी श्री युवराज टेम्भरे, श्री अरुण भीमटे, श्री लक्ष्मीकांत मडामें, एमआरसी श्री खिलेश डोहरे, श्रीमती कल्पना खोटेले, कम्प्यूटर आपरेटर श्री अनिष वैध एवं भत्य श्री तोमेश्वर घासले तथा जनशिक्षक श्री दादूराम रणदिवे, श्री प्रदीप कुमार मुरकुटे, श्री नोहेश भटेरे शिक्षक श्री ईश्वरी सातपूते, श्री सेवकराम नेवारे, श्री संतोष कावडे का सहयोग रहा।

एमआरसी श्री खिलेश डोहरे एवं श्रीमती कल्पना खोटेले द्वारा शिक्षक, पालक एवं बच्चों को सहायक उपकरण एवं टीएलएम किट की जानकारी प्रदान कर बच्चो को उपयोग करने की सलाह दी गयी। शिविर के दौरान बच्चों को स्वल्पाहार प्रदान किया गया।

# निशुल्क शिविर में आंखो के मरीज हुए लाभान्वित




हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

सामुदायिक शासकीय अस्पताल खैरलांजी में 24 फरवरी मंगलवार को एक दिवसीय निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित कर संपन्न किया। जिसमे आंखो के मरीज लाभान्वित हुए। मरीजो ने अस्पताल प्रबंधन की शिविर आयोजित करने के लिए सराहना की । इस दौरान उक्त नेत्र शिविर में नेत्र चिकित्सक डा.टी.एस के द्वारा 44 आंखो के मरीजो की जांच कर उपचार व उचित परामर्श दिया गया साथ ही निशुल्क दवाई प्रदान की गई। जिसमे से 13 नेत्र रोगियो को मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए जबलपुर रवाना किया गया।बताया गया की लगातार अस्पताल प्रबंधन के द्वारा नेत्र शिविर आयोजित कर आंखो के मरीजो को लाभान्वित किया जा रहा है । पुन 11 मार्च को अस्पताल में आंखो के मरीजो के उपचार के लिए निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया जाएगा।

## दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया बालाघाट की पहल

# बोधगया, लुंबिनी, काठमांडो सहित 11 पवित्र बुद्धिस्ट स्थलों की यात्रा का आयोजन 25 मार्च से



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** सम्पूर्ण विश्व में तथागत भगवान बुद्ध के सिद्धांत प्रासंगिक है और मानव जीवन में तथागत के पंचशील के पालन से जीवन सुखमय एवं मंगलमय होता है।इसी परिपेक्ष में भारतीय बौद्धों की सर्वोच्च धार्मिक सामाजिक धम्म संस्था की जिला शाखा बालाघाट मप्र द्वारा बौद्धों के पवित्र धम्म स्थलों की धम्म यात्रा का आयोजन दिनांक 25 मार्च 2026 से किया गया हैं,जिसमें सारनाथ,बोधगया,विश्व की पहली लोकतांत्रिक नगरी वैशाली,एशिया का सबसे बड़ा केसरिया स्तूप,तथागत की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर, बोधिसत्व सिद्धार्थ की जन्मस्थली लुंबिनी(नेपाल), काठमांड़ो,पोखरा(नेपाल),कपिलवस्तु,तथागत के सबसे अधिक वर्षवास जेतवन अंगुलिमाल गुफा आदि का स्थल श्रावस्ती,महापुरुषों की याद में निर्मित विशाल डॉ.आंबेडकर पार्क लखनऊ आदि स्थलों की लक्जरी यात्रा का आयोजन शुल्क सहित(21500/)किया गया हे,यात्रा में विश्राम हेतु स्पेशल होटल+गेस्ट हाउस,ब्रेक फास्ट,लंच,डिनर,यात्रा में इंडिया के सभी स्थलों की टिकट,मुंबई से संस्था के वरिष्ठ अनुभवी गाइड,बालाघाट से स्पेशल स्लिपर एवं सीटिंग सहित आरामदायक बस की व्यवस्था।यात्रा के स्थान सीमित है,शामिल होने लिए संपूर्ण जानकारी लेने हेतु संस्था के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.चरनदास ढेंगरे जी बालाघाट मोबाइल न.9301708931, अशोक कुमार मेश्राम जिलाध्यक्ष बालाघाट मोबाइल न.9425844039, आर.डी.बनसोड तहसील अध्यक्ष वारासिवनी मोबाइल न.8815289292,अभिराज मेश्राम तहसील महामंत्री वारासिवनी मोबाइल न.9755224164 से संपर्क कर जानकारी लेकर अपना पंजीयन कर सीट सुरक्षित करे।

## सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस कर रही तलाश

# महिला को सम्मोहित कर सोने के जेवर व मोबाईल लूट कर युवक फरार



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** नगर के फव्वारा चौक के पास स्थित हिमांशु ज्वेलर्स के पास एक युवक एक सब्जी व्यापारी महिला को सम्मोहित कर उसके हजारों रुपये के सोने के जेवरात लूट कर फरार हो गया। इस संबंध में लूट का शिकार बनी वार्ड नम्बर 15 निवासी विद्या ठाकरे ने बताया कि उसकी सब्जी बाजार में सब्जी की दुकान है। वह सोमवार की रात्रि लगभग साढ़े 8 बजे अपनी सब्जी दुकान बंद कर पैदल घर जी रही थी। जब वह फव्वारा चौक के पास हिमांशु ज्वेलर्स के करीब थी, तभी एक युवक ने उससे डॉ. रेखा का दवाखाना पूछा, तो उसने कहा कि उसे पता नहीं है। इसी बीच एक अन्य महिला उसके पीछे से आई, तो युवक ने उससे भी डॉक्टर के दवाखाने के बारे पूछा, तो उसने भी कहा कि पता नहीं।

श्रीमती ठाकरे ने बताया कि उसके बाद युवक ने उससे कान की 2 बाली और मंगल सूत्र निकाल कर पर्स में रखने के लिए कहा। जिस पर उसने अपने जेवर निकाल कर पर्स में रख लिया और उसे अपने थैले में डाल लिया। उसके बाद युवक ने थैला ले लिया और उसने मुझे 4 कदम आगे चलकर पीछे आने कहा। जिस पर मैं 4 कदम चलकर पीछे वापस लौटी, तो वह युवक और महिला मेरा थैला लेकर गायब हो गये थे। मैने उन्हें आसपास ढूंढने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं मिले। पीड़िता ने बताया कि जेवरों की कीमत लगभग 50 हजार रुपये होगी, थैले में जेवर के साथ लगभग 22 हजार रुपये कीमत का मोबाईल भी था। इस घटना की खबर आसपास के निवासियों को लगने पर घटनास्थल पर भीड़ एकत्रित हो गई और युवक को ढूंढने का प्रयास किया गया। लेकिन युवक और एक अन्य महिला आसपास कहीं नहीं मिली। इस घटना की खबर तत्काल पुलिस थाने में दी गई। तो पुलिस अधिकारी भी तत्काल घटना स्थल पर पहुँच गए और आसपास तलाश की गई। उसके बाद पीड़िता महिला विद्या ठाकरे पुलिस थाना पहुँची। जहॉ पर उसके द्वारा अपने साथ घटना की जानकारी देकर रिपोर्ट लिखवाई गई है। उल्लेखनीय है कि नगरपालिका परिषद वारासिवनी द्वारा चौक चौराहों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के बाद यह लूट की पहली घटना है। जिस स्थान पर युवक ने लूट की घटना को अंजाम दिया है, उस स्थान पर फव्वारे के पास सीसीटीवी कैमरे लगे हुए। इन सीसीटीवी मरों की कमांड पुलिस थाने में ही है। अब देखना यह है कि पुलिस विभाग इन सीसीटीवी कैमरों की मदद से महिला से हजारों रुपये के जेवर लूटने वाले युवक को गिरफ्तार कर पाती है या नहीं।

## कैरम प्रतियोगिता के एकल में राहुल अरोरा और युगल में मल्लू सोहाने व पार्टनर रहे विजेता




**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** नगर के गांधी चौक में स्वर्गीय पन्ना धार्मिक और स्वर्गीय रामू रजक की स्मृति में चार दिवसीय कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके एकल व युगल मैच के फाइनल रविवार को खेले गए। जिसमें एकल मैच राहुल अरोरा और गोलू कुरैशी तथा युगल मैच सुदेश धार्मिक व पार्टनर आनंद गने तथा मल्लू सोहाने व पार्टनर गुड्डू पटले के मध्य खेला गया।

एकल मैच में राहुल अरोरा और युगल मैच में मल्लू सोहाने व पार्टनर गुड्डू पटले ने विजयश्री हासिल की। कैरम प्रतियोगिता में पांच जिलों के लगभग 80 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया था। कैरम प्रतियोगिता के फाइनल में अतिथि के रुप में विधायक विवेक विक्की पटेल, सुदेश गुड्डू सोनी, राजकुमार चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। अतिथियों के हस्ते एकल व युगल मैच के विजेता और उपविजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस टूर्नामेंट में अंपायर की भूमिका सोनू हेड़ाऊ और जाहिद भाई ने निभाई। पूरे आयोजन के दौरान खेल भावना उत्साह का माहौल बना रहा। स्थानीय खेल प्रेमियों ने भी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया।

इस दौरान सुदेश गुड्डू सोनी, राजकुमार चौधरी, वीरेन्द्र सोहाने, मल्लू सोहाने, प्रमेंद्र हेड़ाऊ, चिंटू जैन, सुदेश धार्मिक, गुड्डू पटले, गोलू कुरैशी, अब्बू कुरैशी, सोनू हेड़ाऊ, संजय रजक, शाकिर भाई, रवि गोखले सहित खेलप्रेमी मौजूद रहे।

इस मौके पर खिलाडियों को संबोधित करते हुए विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि विधायक बनने के बाद मैने बड़े-बड़े विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया है। मगर पहली बार कैरम प्रतियोगिता में पहुंचने का अवसर प्राप्त हुआ। आज कल के युवा सबसे ज्यादा क्रिकेट टूर्नामेंट को खेलना पसंद करते है। मगर कैरम खेलने से मनुष्य का दिमाग भी तेज होता है। खेल कोई भी हो हर व्यक्ति को खेलना चाहिए। खेल के माध्यम से युवाओं को नौकरी भी मिल रही है। उन्होंने खेल के माध्यम से अनुशासन, टीम वर्क और सकारात्मक ऊर्जा को जीवन में उतारने के लिए प्रोत्साहित किया।

**खबर संक्षेप**

### चना एवं मसूर उपार्जन के लिए किसानों के पंजीयन 16 मार्च तक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास सिवनी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार एवं भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत चना एवं मसूर के उपार्जन हेतु किसानों का पंजीयन 20 फरवरी 2026 से प्रारंभ हो गया है। पंजीयन की अंतिम तिथि 16 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में गेहूं उपार्जन के लिए स्थापित पंजीयन केंद्रों पर ही चना एवं मसूर का पंजीयन किया जाएगा। किसानों की सुविधा के लिए पंजीयन की व्यवस्था एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र, साइबर कैफे तथा स्वयं के मोबाइल अथवा कंप्यूटर के माध्यम से निर्धारित लिंक पर जाकर भी की जा सकती है। प्रशासन द्वारा सभी किसान भाइयों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि के भीतर चना एवं मसूर उपार्जन के लिए अपना पंजीयन अवश्य कराएं, जिससे उन्हें शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य का लाभ प्राप्त हो सके।

### किसानों व उपभोक्ताओं को मिले योजनाओं का लाभ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र कंपनी लिमि.जबलपुर में अध्यक्ष/सह प्रबंधक पद पर अजय गुप्ता ने पदभार ग्रहण किया है। म.प्र.विद्युत मण्डल अधिकारी कर्मचारी दिव्यांग संघ के अध्यक्ष इंजी.नरेन्द्र सिंह ठाकुर, सचिव अल्लाह असदउल्ला खान, शैलेन्द्र सिंह गौर, इंजी. लोकेश ठाकुर, एएस बंजारा ने अध्यक्ष को ज्ञापन प्रेषित कर उपभोक्ताओं व किसानों की परेशानियों को दूर करते हुए उन्हें शासन की नीति-रीति के अनुरूप योजनाओं का लाभ दिलाकर उनकी परेशानी दूर करने की अपेक्षा जताई है।

### जिले के 79 केन्द्रों पर जीवविज्ञान विषय की परीक्षा संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल, म.प्र. भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायरसेकेण्डरी मुख्य परीक्षा वर्ष 2025-26 अंतर्गत जिले में परीक्षाएं 10 फरवरी 2026 से 7 मार्च 2026 तक प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित की जा रही हैं। जिले में कुल 84 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इसी क्रम में सोमवार 23 फरवरी 2026 को हायरसेकेण्डरी परीक्षा के अंतर्गत जीव विज्ञान विषय की परीक्षा जिले के 79 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गई। आयोजित परीक्षा में कुल 3452 परीक्षार्थी दर्ज थे, जिनमें से 3422 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 30 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान जिले में कोई भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुआ। परीक्षा संचालन हेतु कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, सिवनी में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम से जिले के समस्त परीक्षा केन्द्रों की गतिविधियों की जानकारी वरिष्ठ कार्यालय को नियमित रूप से प्रेषित की गई। जिलास्तरीय उडऩदस्ता दल में जिला शिक्षा अधिकारीएस.एस. कुमरे, सहायक संचालक आर.पी. पाटिल, प्राचार्य श्रीमती सुनीता ओसवाल एवं श्रीमती प्रतिक्षा मानगडे द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाडियाछपारा, सरेखा एवं मोहबर्रा का निरीक्षण किया गया।

# घंसौर तहसील में फिर उजागर हुआ गौ-तस्करी का मामला, नाका पर पकड़ी गई गाड़ी, कई गौवंश घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ घंसौर।

घंसौर तहसील क्षेत्र में एक बार फिर गौ-तस्करी से जुड़ा गंभीर मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, नाका क्षेत्र में सक्रिय गौ-रक्षा टीम ने एक संदिग्ध वाहन को रोककर जांच की, जिसमें बड़ी संख्या में गौवंश भरे हुए पाए गए। बताया जा रहा है कि वाहन में ठूंस-ठूंसकर पशु भरे गए थे, जिसके कारण आधे से अधिक गायें घायल अवस्था में मिलीं। गौ रक्षक अनूज यादव मनोज यादव, अमन यादव, सोनू पराशर और कार्तिक यादव सहित अन्य सहयोगी मौजूद रहे। टीम द्वारा वाहन को रोककर गौवंश को सुरक्षित बाहर निकाला गया और तत्काल प्राथमिक उपचार की व्यवस्था कराई गई। गंभीर रूप से घायल गायों की स्थिति को देखते हुए स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वाहन को रोकने के बाद जब अंदर का दृश्य सामने आया तो कई गौवंश एक-दूसरे के ऊपर दबे हुए थे। पर्याप्त जगह और देखरेख के अभाव में पशुओं को चोटें आई थीं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि क्षेत्र में इस प्रकार की घटनाएं समय-समय पर सामने आती रही हैं, जिससे गौ-सुरक्षा पर सवाल खड़े हो



रहे हैं। लोगों ने मांग की है कि इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच हो और जो भी लोग इसमें शामिल हैं, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। गौरतलब है कि घंसौर क्षेत्र में पूर्व में भी गौ-तस्करी से जुड़े मामलों की

# नगर पालिका सिवनी के विशेष सम्मेलन में 20 करोड़ से अधिक के विकास प्रस्तावों को हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

सिवनी नगर पालिका अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद सनोडिया की अध्यक्षता में आज आयोजित हुए नगर पालिका के विशेष सम्मेलन में जिसमें नगर विकास, जलप्रदाय, स्वच्छता, विद्युत, राजस्व एवं प्रशासनिक मामलों से वाहन, जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार कर निर्णय लिए गए, सम्मेलन में महत्व और पूर्ण विषय लीज और भैरोगंज की टंकी रही. लीज नवीनीकरण का प्रस्ताव पारित हो गया है एवं भैरोगंज की टंकी का ध्वस्त करने का प्रस्ताव गिरा दिया गया है, ज्ञात हो कि नगर पालिका का उक्त विशेष सम्मेलन विगत दिनांक 16 फरवरी को आयोजित था किन्तु लीज नवीनीकरण के प्रस्ताव के चलते भाजपा पार्षदों द्वारा ही बैठक नहीं होने दी गयी, इसके बाद पार्टी की विभिन्न चरणों में अंदरूनी बैठकें हुई. पार्षदों के सम्मान, ज्येष्ठ, श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं, पार्टी पदाधिकारियों के सम्मान का ध्यान रखा गया और आज भारतीय जनता पार्टी द्वारा एकराय होकर लीज नवीनीकरण एवं अन्य सभी प्रस्तावों को पारित कर दिया गया. जिन प्रस्तावों को पारित किया गया है वे संक्षिप्त म इस प्रकार है,

भीमगढ़ बांध से पेयजल आपूर्ति के अनुबंध निष्पादन और लगभग 4.17 करोड़ रुपये की लंबित जलकर राशि को जनहित में माफ कराने हेतु शासन को प्रस्ताव भेजने पर सहमति बनी. आगामी वित्तीय वर्ष के लिए, जलप्रदाय मरम्मत एवं सामग्री क्रय की प्रक्रिया भी प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया. वर्ष 202627 में शहर के कचरा कलेक्शन, परिवहन एवं प्रोसेसिंग कार्यों के लिए 4.21 करोड़ रुपये तथा छिड़िया पलारी में कचरा निष्पादन मशीन क्रय हेतु 3 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई. एबीसी श्वान शेल्टर हाउस निर्माण को भी मंजूरी दी गई है.

भवन नामांतरण, बस स्टैंड पार्किंग ठेका, तहबाजारी शुल्क व्यवस्था में बदलाव, संपत्तियों का डिजिटल सर्वे और यूनिक आईडी लागू करने जैसे प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई. होर्डिंग नीति के अंतर्गत बकाया जमा न करने वाले निविदाकारों पर कार्रवाई और पुनः ई-टेंडरिंग का निर्णय लिया गया है. प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में डेस्क-बेंच उपलब्ध कराने, नगर पालिका वाचनालय में पार्किंग, डिजिटल कक्ष एवं शेड निर्माण के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई.

# गायत्री परिवार का एक दिवसीय जिला स्तरीय मौन साधना शिविर सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ केवलारी।

गायत्री साधक मौन से जीवन को नई दिशा मिलती है, लक्ष्य, निर्णय, और परिस्थिति को समझने का सटीक व्यवहारिक तरीका है। सनातन ग्रंथों के गूढ़ अर्थों को सहज और सागर को गागर जैसे लोकोक्ति से समझया - यह समय केवल धर्म निभाने का नही युग धर्म निभाने का है।



आज दिनाँक 22 फरवरी 2026 दिन रविवार प्रातः 9 बजे से 4 बजे तक गायत्री परिवार पलारी के गायत्री परिजनों के अथक पुरुषार्थ से एक दिवसीय अंतः ऊर्जा जागरण जिला - स्तरीय मौन साधना शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन खैरा पलारी में स्थिति संस्कारी विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर के सभा हाल में रखा गया। जहाँ पर खैर पलारी, एवं घंसौर, लोपा, केवलारी बोथिया, खैरी, पिपरिया आदि से बड़ी संख्या में साधक भाई बहनों ने भाग लिया, प्रातः 8 से 9 बजे तक स्वल्पाहार एवं चाय लेकर कर , साधना हेतु मंच के सामने निर्धारित स्थान ग्रहण किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंच संचालक गजेंद्र बोपचे जी के द्वारा मुख्य वक्ता एवं अतिथियों के द्वारा देव मंच में दीप प्रज्ज्वल किया। मां गायत्री और गुरुसत्ता का आह्वान कर कार्यक्रम की सफलता के लिए हृदय से सभी साधकों ने प्रार्थना की।

तत्पश्चात साधक भरत प्रजापति ने सबसे पहले सभी का अभिनन्द कर भूमिका बनाते हुए, पंचकोषिय साधना का अभ्यास कराया, और इस पर प्रकाश डालते हुए महत्व समझया।

मुख्य वक्ता नरेन्द्र हिंग्वे के द्वारा जीवन साधना, वर्तमान व्यक्तिगत, समाजिक, पारिवारिक, राष्ट्रीय एवं विषय मानव जटिल समस्याओं एवं समाधान पर युग ऋषि के धारदार विचारों को परोसना आरंभ किया। जिसमें हर व्यक्ति अपने को इस प्रयोगशाला में पूरी तरह डूबा हुआ महसूस कर रहा था।

अपनी हास्य एवं व्यंग्यात्मक शैली से सभी को मंच से बांधे हुए कार्यक्रम को चैतन्य सजग रखा, दूसरे क्रम में पुनः धर्म, आस्था, कर्तव्य, नीति, को रामायण महाभारत एवं अन्य वेदान्तिक दृष्टांत देकर सभी को और भी रोचक बनाया।

अंत मे श्री हिंग्वे जी ने सभी साधको के इस आयोजन में आने वाम धैर्यपूर्वक श्रवण करने के लिए साधुवाद दिया।

मुख्य कार्यक्रम के संयोजक शिवचरण ठाकुर ने सभा को संबोधित करते हुए केंद्र गायत्री शक्तिपीठ केवलारी के मुख्य प्रबंध ट्रष्टि सुरेन्द्र साहू का, श्री हिंग्वे का, भरत जी का, श्री नागले जी का, व सभी साधको का धन्यवाद किया, और पूरे कार्यक्रम में पलास्टिक के उपयोग नही होने पर प्रेरणा प्रदान किया।

अंत गजेंद्र बोपचे के द्वारा आभार व्यक्त किया गया जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर प्राचार्य श्री परशुराम विश्वकर्मा जी का , भोजन आदि परोसने वाली टीम को धन्यवाद साथ ही सभी आयोजकों का जिन्होंने प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग किया और सभी आए हुए साधनों का साधुओं का धन्यवाद किया।

व्यवस्था प्रभारी तुलसीराम ठाकुर गज्जू भैया, शिवकुमार विश्वकर्मा, राजेश ठाकुर, ओमकार ठाकुर, भैया, घनश्याम बांहोनिया. मेहताब विश्वकर्मा, माधव ठाकुर, प्रदीप अंभोरे, उगली से रमेश बिसेन, जवाहर चौधरी, मनोहर चौधरी, केवलारी से शिवराज राहंगडाले, राजेश नामदेव जी संजय चौरे, गायत्री पतंजलि योग समिति केवलारी से संतोष नागोत्रा, संगीता नागोत्रा, सोनू साहू, संदीप राय , प्रीतम श्रीनाग, राजेश चंदेल, अमित कुशवाहा, आदि भाई बहनों में अनुसुइया साहू, निधि ठाकुर, कौशल्या अंभोरे, प्राचार्य मरावी मेडम, गीता नरवरे, अर्चना झारिया, आदि, नरेश साहू शामिल रहे।

# गिफ्ट अ डेस्क मुहिम में लगातार मिल रहा दानदाताओं का सहयोग

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला प्रशासन द्वारा शासकीय विद्यालयों में जन भागीदारी से डेस्क बेंच उपलब्ध कराने की' गिफ्ट अ डेस्क मुहिम को लगातार दानदाताओं का सहयोग मिल रहा है। बड़ी संख्या में दानदाता आगे आकर स्कूलों की सुविधा एवं उनके उन्नयन के लिए अपना सहयोग कर रहे हैं। इसी क्रम में विगत सप्ताह में गिफ्ट अ डेस्क अभियान अंतर्गत जिले के विभिन्न शासकीय प्राथमिक शालाओं में 135 डेस्क बेंच उपहार में दी गई ।



लखनादौन अन्तर्गत धूमा जनशिक्षा केंद्र के प्राथमिक शाला बंजारी में 21 ,पटीशाला में 14 कुरई ब्लॉक के सुकतरा जनशिक्षा केंद्र अंतर्गत खापा रजोला 5, लावेसर्रा 1, लोंदाझिर 12, राजोरा 1 , बंदगांव 5 और पाटन जनशिक्षा केन्द्र के कुड़वा 9, जमारपानी 3, मरझोर 8, पाटन 12 , धनोलिटोला 16 आगरी 12 गोरखपुर में 9 बाबई में 4 डेस्क बेंच बच्चो हेतु उपलब्ध कराई गई। गिफ्ट अ डेस्क अभियान से जुडऩे के लिए नागरिकगण अपना पंजीयन करा सकते हैं तथा पंजीयन उपरांत जिला स्तरीय कॉल सेंटर से संपर्क किये जाने पर जानकारी उपलब्ध करा सकते हैं। उक्त लिंक पर स्कूलों, आवश्यक डेस्क की जानकारी के साथ ही फर्नीचर निर्माताओं की सूची भी उपलब्ध है।

# दो दिवस के भीतर लंबित समस्त आवेदनों को निराकृत करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

सोमवार 23 फरवरी को कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में आयोजित हुई समय सीमा बैठक में संकल्प से समाधान अभियान की विस्तृत समीक्षा हुई। कलेक्टर श्रीमती पटले ने अभियान अंतर्गत विभागवार प्राप्त आवेदनों एवं निराकरण की स्थिति की समीक्षा की तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों से आवेदनों के लंबित रहने के कारण को जाना। उन्होंने अधिकारियों को दो दिवस के भीतर लंबित समस्त आवेदनों को निराकृत करने के निर्देश दिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर सी एल चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जिले में आयुष्मान कार्ड बनाये जाने से शेष रहे हितग्राहियों की सुविधा के लिए मैदानी स्तर पर कैंप आयोजित कर उनके प्रचार - प्रसार करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिये हैं। इसी तरह कलेक्टर श्रीमती पटले ने राजस्व प्रकरणों समीक्षा कर लंबित सीमांकन, बटवारे, नामांतरण को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश सभी तहसीलदार एवं अनुविभागीय अधिकारियों को दिये हैं।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने समय सीमा में दर्ज प्रकरणों, जन सुनवाई एवं सी एम हेल्पलाईन प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन में लंबे समय से लंबित शिकायतों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों लंबित रहने क कारणों को जाना। उन्होंने निर्देशित किया कि सी एम हेल्प लाईन की प्रत्येक शिकायत को अटेंड कर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा हर संभव प्रकरण का निराकरण समय सीमा में किया जाए।

# मत्स्य उत्पादक सहकारी समितियों की एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

सहकारी संघ मर्यादित, सिवनी के तत्वाधान में आज अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में मत्स्य उत्पादक सहकारी समितियों के सदस्यों एवं संचालकों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन नगर स्थित शासकीय सभाकक्ष में किया गया।

**मुख्य अतिथि और गरिमामयी उपस्थिति**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहकारी प्रशिक्षण केंद्र जबलपुर के प्राचार्य व्ही.के. बर्वे रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहकारिता विभाग सिवनी के अंकेक्षण अधिकारी एन.डी. कटरे ने की। इस अवसर पर मत्स्योद्योग विभाग सिवनी के मत्स्य निरीक्षक रजनीश सिंह कुशराम विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।श्री एन.डी. कटरे ने सहकारी समितियों के गठन की प्रक्रिया और उनके सफल संचालन के तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डाला। म

ख्य अतिथि श्री व्ही.के.बर्वे ने जोर देकर कहा कि सहकारिता के माध्यम से व्यक्ति आत्मनिर्भर बन सकता है। उन्होंने बताया कि सदस्य अपनी



आर्थिक और सामाजिक स्थिति को सुदृढ़ करने के साथ-साथ नए क्षेत्रों में भी सहकारिता से जुडक़र लाभ प्राप्त कर सकते हैं। श्री रजनीश सिंह कुशराम ने शासन द्वारा मत्स्य विभाग के माध्यम से चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी और सदस्यों को इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया।

**सहभागिता और संचालन**

इस कार्यशाला में सिवनी विकासखंड की विभिन्न मत्स्य सहकारी समितियों के संचालक, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम का कुशल संचालन जिला सहकारी संघ मर्यादित सिवनी के प्रबंधक पी.के. सूर्यवंशी द्वारा किया गया।

# मध्य प्रदेश बजट 2026-27: 4.38 लाख करोड़ का ज्ञान-ई विजन, गरीब-युवा-किसान-नारी पर फोकस

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य प्रदेश की वित्त मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 4.38 लाख करोड़ रुपये का बजट प्रस्तुत किया। यह बजट वर्ष 2025-26 के 4.21 लाख करोड़ रुपये की तुलना में लगभग 4 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2026-27 के लिए राजकोषीय घाटा 4 प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है।

**ज्ञान-ई सिद्धांत पर आधारित बजट**

इस वर्ष का बजट ज्ञान-ई मॉडल पर केंद्रित है— जी - गरीब कल्याण (अंत्योदय): अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने पर जोर। य - युवा शक्तिः कौशल विकास, रोजगारोन्मुखी शिक्षा एवं प्रशिक्षण को बढ़ावा। आ - अन्नदाताः किसानों की आय वृद्धि और कृषि सुदृढ़ीकरण।

न - नारी शक्तिः महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन।

ई - इंफ्रास्ट्रक्चर व इंडस्ट्रीः अधोसंरचना विस्तार एवं औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन। सरकार का दावा है कि रोजगार सृजन, उत्पादन क्षमता में वृद्धि और दीर्घकालिक आर्थिक विकास इस बजट की केंद्रीय धुरी होंगे।

**कृषि एवं किसान कल्याण पर विशेष जोर**

निःशुल्क बिजली सुविधाः मध्य प्रदेश विद्युत मंडल के माध्यम से 5 एच.पी. तक के कृषि पंप/प्रेशर एवं एक घरेलू कनेक्शन को निःशुल्क बिजली उपलब्ध कराने हेतु 5,276 करोड़ रुपये का प्रावधान। दलहन आत्मनिर्भरता मिशनः 60.40 शेयरिंग पैटर्न के तहत 335 करोड़ रुपये का प्रावधान, जिससे उत्पादन बढ़ाकर आयात निर्भरता कम करने का लक्ष्य।

समर्थन मूल्य पर बोनसः किसानों से समर्थन मूल्य पर फसल उपार्जन के लिए 150 करोड़ रुपये बोनस भुगतान हेतु निर्धारित।

आपातकालीन ऋण पर ब्याज अनुदानः सहकारी बैंकों के माध्यम से कृषकों को आपातकालीन ऋण पर ब्याज अनुदान के लिए 720 करोड़ रुपये का प्रावधान।

प्रधानमंत्री कृषक सूर्य मित्र योजनाः 3,000 करोड़ रुपये की लागत से 1 लाख सोलर सिंचाई पंप किसानों को उपलब्ध कराने का लक्ष्य, जिससे सिंचाई लागत में कमी और हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा। ज्ञान-ई मॉडल के तहत राज्य में औद्योगिक निवेश आकर्षित करने, आधारभूत ढांचे—सडक़, बिजली, पानी और डिजिटल नेटवर्क—को सुदृढ़ करने तथा युवाओं के लिए कौशल आधारित रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी गई है।

सिवनी स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में पूर्व मंत्री एवं सांसद विधायक ढाल सिंह बिसेन तथा जिला अध्यक्ष मीना बिसेन ने बजट की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डाला। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल एवं जिला महामंत्री गजानन पंचेश्वर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

4.38 लाख करोड़ रुपये का यह बजट सामाजिक कल्याण और आर्थिक विकास के संतुलन का दावा करता है।

कृषि, युवा और अधोसंरचना पर बड़े प्रावधानों के साथ सरकार ने दीर्घकालिक विकास का रोडमैप प्रस्तुत किया है। अब नजर इस बात पर रहेगी कि घोषणाओं का जमीनी क्रियान्वयन किस गति से होता है और इससे राज्य की अर्थव्यवस्था को कितना बल मिलता है।

### कलेक्टर श्रीमती पटले की अध्यक्षता में नवोदय विद्यालय प्रबंधन समिति बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में मंगलवार 24 फरवरी को पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सिवनी की विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक विद्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में विद्यालय की शैक्षणिक प्रगति,परीक्षा की तैयारियों, छात्रावास व्यवस्थाओं, स्वच्छता, सुरक्षा एवं आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा की गई। अध्ययनरत बच्चों की सुविधा, शैक्षणिक गुणवत्ता तथा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न निर्माण कार्यों के प्रस्तावों को अनुमोदन किया गया। कलेक्टर श्रीमती पटले ने विद्यार्थियों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के लिए हेल्थ चेकअप की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय की खेल गतिविधियों एवं स्पोर्ट्स व्यवस्था की भी जानकारी ली और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर जोर दिया। प्राचार्य श्री डी.के. मिश्रा ने विद्यालय की उपलब्धियों एवं आगामी कार्ययोजना की जानकारी प्रस्तुत की।

बैठक के उपरांत कलेक्टर श्रीमती पटले ने विद्यालय परिसर, छात्रावास एवं मेस का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया साथ ही अध्ययनरत बच्चों से संवाद किया।

# आत्महत्या एक गंभीर समस्या है, जो दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित कर रहीं है- प्रकाश सरवैया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** छात्र कल्याण हेतु पहल के तत्वाधान में आत्महत्या रोकथाम पर विशेषज्ञ व्याख्यान एवं चेतावनी संकेतों की पहचान पर कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य डॉ.ओमप्रकाश सरवैया के संरक्षण में एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अनीता भट्ट के नेतृत्व में आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ.ओम प्रकाश सरवैया द्वारा अपने उद्बोधन में छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि आत्महत्या एक गंभीर समस्या है, जो दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित कर रहीं है ।यह एक ऐसी समस्या है, जिसे रोकने के लिए हमें मिलकर प्रयास करना होगा। यदि तनाव बहुत अधिक है, तो महाविद्यालय में गठित परामर्शदाता समिति से संपर्क कर अपना समाधान प्राप्त करें। मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित प्रो. नरेंद्र कुमार भीमटे द्वारा छात्राओं को बताया गया कि स्वयं को अवसाद में डालने से अच्छा है, अपने समय प्रबंधन का ध्यान रखते हुए समय को व्यवस्थित करें और एक नियमित टाइम टेबल के अनुसार अपना अध्ययन जारी रखें ।ध्यान और योग का अभ्यास करें ताकि आप तनाव को कम कर सकें। सकारात्मक सोच रखें और अपने आप को लक्ष्य प्राप्ति की ओर प्रेरित करें। अपने मित्रों या परिवार के साथ समय बितायें और अपने तनाव को साझा करें । प्रो. पंकज शेण्डें ने छात्राओं को आत्महत्या जो वर्तमान समय में अवसाद,चिंता और मानसिक तनाव का परिणाम है ।उसके विषय में छात्राओं को जागरुक करते हुए बताया कि व्यक्तिगत समस्याएं जैसे कि संबंधों में समस्याएं, वित्तीय समस्याएं या सामाजिक समस्याएं,स्वास्थ्य समस्याएं जो एक दर्दनाक परिस्थितियां बन चुकी है। जो आज के युवा को आत्महत्या के लिए मजबूर करने लगी हैं। उन्होंने अपने जीवन को खतरे में डालने वाले व्यवहारों को दूर करने के लिए छात्राओं को एनटीएफ समिति से अपना समाधान प्राप्त करने,अपने जीवन को सार्थक बनाने के लिए लक्ष्य निर्धारित करने, साथ ही आत्महत्या रोकथाम हेतु जरूरत पडऩे पर हेल्पलाइन का उपयोग करने की भी सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ.राशिद खान द्वारा किया गया एवं आभार डॉ. हेमराज नागवंशी द्वारा दिया गया ।कार्यक्रम में प्रो. रामदीन भलावी, डॉक्टर डिंपल दरिया श्रीमती चेतना डहेरिया, डॉ सुषमा तिवारी, डॉ.अर्पणा अवस्थी,डॉ.समिता शर्मा, सुश्री आयशा सिद्दीका, शैलेंद्र बघेल एवं अन्य प्राध्यापकों की उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्राओं ने भी पूर्ण सहयोग किया एवं कार्यक्रम के माध्यम से अवसाद को दूर करने ,स्वयं का मनोबल बढ़ाने एवं अपने जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित करने का लाभ प्राप्त किया।

### भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला हुई आयोजित

# प्रशिक्षण महाभियान वैचारिक प्रतिबद्धता के निर्माण का अभियान : सुजीत जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जिले के पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश का समिति सदस्य सुजीत जैन कटनी में आयोजित भाजपा जिला कार्यालय में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संगठनात्मक कार्यों पर मंथन करते हुए प्रशिक्षण महाभियान 2026 के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। नवनियुक्त जिला संगठन प्रभारी सुजीत जैन ने कहा कि भाजपा केवल एक चुनावी संगठन नहीं, बल्कि विचारधारा आधारित आंदोलन है। कार्यकर्ताओं को नीति, संगठनात्मक संरचना, जनसंघ के संस्कार, आईटी एवं सोशल मीडिया जैसे विषयों पर प्रभावी प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे समाज के बीच अधिक सक्रिय और सक्षम भूमिका निभा सकें। जिला अध्यक्ष दीपक



टण्डन ने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं में सेवा, समर्पण और संगठन विस्तार 23 पतिव की भावना को और सशक्त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह अभियान वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं प्रशिक्षण महाभियान के जबलपुर संभाग के सह प्रभारी पीताम्बर टोपनानी ने कहा कि महाभियान 2026 का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं में वैचारिक प्रतिबद्धता का निर्माण करना है। यह अभियान 9 मार्च से 14 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें प्रशिक्षित कार्यकर्ता मंडल स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। संचालन जिला उपाध्यक्ष अंकिता तिवारी, आभार प्रदर्शन जिला कार्यालय मंत्री अम्बरीष वर्मा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर कटनी के पूर्व जिला संगठन प्रभारी संजय साहू का जिला भाजपा की ओर से विदाई सम्मान किया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री साहू ने कहा कि बीते पांच वर्षों में कटनी जिले के कार्यकर्ताओं का जो स्नेह और सहयोग उन्हें प्राप्त हुआ, वह उनके लिए अविस्मरणीय है और वे सदैव उसके ऋऋणी रहेंगे।

### बड़गांव के ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

# गांव में अवैध शराब ब्रिकी पर रोक लगाने में सहयोग की मांग

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी शहर से सटी ग्राम पंचायत सेलवा के ग्राम बड़गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार की दोपहर 03 बजे थाना पहुंचकर गांव में अवैध शराब ब्रिकी पर प्रतिबंध लगाने में सहयोग करने की मांग करते हुए थाना प्रभारी धमेन्द्र कुसराम को ज्ञापन सौंपा है। पुलिस प्रशासन से गांव में बिकने वाली अवैध शराब पर पूरी तरह से रोक लगाने वाले और शराब बेचने वालों पर कार्रवाई करने की मांग की गई है। बीते दिनों बड़गांव के ग्रामीणों ने गांव में ही एक बैठक कर गांव में बिकने वाली अवैध शराब ब्रिकी पर रोक लगाने का फैसला लिया। पंच परमेश्वर आधारित इस बैठक में शराब बेचने और पीने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही शराब ब्रिकी करने वालों को नसीहत दी गई कि वह दो दिन बाद से गांव में शराब बेचना बंद कर दें। बावजूद इसके शराब बेचने वाले इस पर अमल नहीं कर रहे है और गांव में शराब ब्रिकी को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। जिसे ध्यान रखते हुए अब ग्रामीणों ने पुलिस से सहयोग की मांग करते हुए शराब ब्रिकी करने वालों पर कार्रवाई करने की मांग की है।



बड़गांव के ग्रामीणों ने अपने गांव को नशा मुक्त बनाने के लिए बीते दिनों सार्वजनिक तौर पर बैठक की। इस बैठक में गांव के महिला, पुरूष और नौजवान सभी शामिल हुए। बैठक में शराब के दुष्परिणाम को लेकर चर्चा हुई। महिलाओं ने बताया कि घर की युवा पीढ़ी शराब का सेवन कर अपने जीवन को बर्बाद कर रही है घरों में कलह का माहौल निर्मित हो रहा है। नशे के लिए पुरूष कर्ज ले रहे है। घरों का सामान तक बेच रहे है। गांव में अवैध शराब ब्रिकी होने की वजह से आस-पास के गांव के शराबियों को गांव में देर रात तक आना-जाना लगा रहता है। जिससे महिलाओं का अपने घरों से बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया है। गांव का सामाजिक सद्भाव खराब हो रहा है। तमाम बातों को ध्यान में रखकर ही सभी ने एकराय होकर गांव में अवैध शराब ब्रिकी को लेकर फैसला लिया था। मगर, शराब बेचने वाले इस फैसले की अनदेखी करते हुए अब भी शराब की ब्रिकी कर रहे है। जिन पर कार्रवाई की मांग की जा रही है।

बड़गांव में अवैध शराब ब्रिकी पर रोक लगाने के लिए बकायदा एक समिति भी बनाई गई है। इस समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीचंद पंचेश्वर, सचिव अशोक कारसर्पे, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिलाध्यक्ष आशुतोष बिसेन, रोहित सोनवाने, शिवचरण सोनवाने, रामकिशन कारसर्पे, भोजकुमार राहंगडाले, संदीप रामटेके, मनीष राहंगडाले, राजेश मेश्राम, खिनाराम ठाकरे सहित अन्य ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर अवैध शराब ब्रिकी पर कार्रवाई करने की मांग की है।

# औकात वाले बयान को निजी बयान बता गए कुलस्ते

### संसदीय बजट में बालाघाट को क्या मिला नहीं बता पाए



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट भाजपा कार्यालय में पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते ने पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने केंद्र और मध्य प्रदेश के बजट की तारीफ करते हुए इसे जनता के हित में बताया।

हालांकि, जब उनसे बालाघाट जिले के लिए बजट में हुए खास आवंटन के बारे में पूछा गया, तो वे इसका पूरा ब्यौरा नहीं दे सके।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के एपस्टीन फाइल को लेकर सरकार पर उठाए जा रहे सवालों पर कुलस्ते ने तंज कसा। उन्होंने राहुल गांधी की तुलना पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सीताराम केसरी से करते हुए कहा कि जैसे पहले कहा जाता था कि 'सीताराम केसरी जो कहें वही सही है', आज राहुल गांधी की हालत भी वैसी ही हो गई है।

कुलस्ते ने कहा कि राहुल गांधी देश के बारे में क्या सोचते हैं और लोगों को क्या समझाते हैं, यह समझ पाना कठिन है।

सीताराम केसरी बिहार के कद्दावर नेता थे जो लंबे समय तक कांग्रेस के कोषाध्यक्ष और अध्यक्ष रहे। वे 1967 में पहली बार लोकसभा पहुंचे और बाद में पांच बार राज्यसभा सांसद रहे। स्वतंत्रता आंदोलन में भी उनकी सक्रिय भूमिका रही थी और उन्होंने कई दिग्गज नेताओं के साथ काम किया था।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ कैलाश विजयवर्गीय के दिए गए 'औकात' वाले बयान पर कुलस्ते ने पार्टी का बचाव किया। उन्होंने कहा कि यह भाजपा का अधिकृत बयान नहीं है बल्कि एक व्यक्ति विशेष का अपना बयान है, जिसके लिए वे खुद जिम्मेदार हैं। उन्होंने यह भी नसीहत दी कि राजनीति में शब्दों का चुनाव ठीक ढंग से किया जाना चाहिए।

### प्रशासन के आगे शासन हुआ नतमस्तक

# जपं किरनापुर भवन की जगह स्थानांतरित होने पर जिपं सदस्य ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

जनपद पंचायत किरनापुर के व्यावसायिक शापिंग कांप्लेक्स जनपद के सामने 24 नवनिर्मित कमरों का लोकार्पण और नवीन जनपद पंचायत भवन के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया था जो पुराने जनपद भवन के पीछे बनाया जाना था, लेकिन बनाए गए ये कमरे अनुपयोगी साबित हो रहे है। इधर भवन की जगह स्थानांतरित किए जाने पर जिला पंचायत सदस्य ने नाराजगी जताई हैं। दरअसल, जनपद पंचायत के नए भवन का भूमिपूजन भी किया गया था। नवनिर्मित 24 कमरे का शापिंग कांप्लेक्स उद्घाटन के बाद भी चालू नहीं हुए। अब तक उन कमरों में ताले लगे है, जिसका आवंटन नहीं हो पाया है।

जिला पंचायत सदस्य श्रीमती चेतना/ अजय कुराहे ने बताया कि इसमें जनपद सदस्यों की राशियों का उपयोग किया गया, जो की लगभग 40 लाख रुपये है। ऐसे में अब जनपद पंचायत का नया भवन अगर यहां से अन्यत्र स्थान पर बनेगा, तो इन व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का क्या होगा छोटे दुकानदारों के रोजगार के अवसर छीन जाएंगे। नए भवन अन्यत्र बनने की जानकारी नहीं थी। उन्होंने सीईओ से फोन पर जानकारी लीज्ञ तो सीईओ द्वारा बताया कि वर्तमान में जनपद भवन तहसील की भूमि पर है। अब नए भवन के लिए हमें दूसरी जगह चयन करना पड़ा।



दुकानदार हलक दमाहे ने बताया कि हम 35 सालों से यहां पुरानी जनपद पंचायत के सामने पर चाय पान होटल गुमटी लगाकर काम करते है। जिससे हमारा परिवार का पालन पोषण होता था बच्चे पढ़ते थे।

जिला पंचायत सदस्य श्रीमती चेतना अजय कराहे जनपद पंचायत के नए भवन को लेकर नाराजगी जताई है कहा है कि भवन अन्यत्र बनेगा तोछोटेदुकानदारों को नुकसान होगा। जनपद सदस्यों की राशि का 24 कमरे के शापिंग कांप्लेक्स निर्माण कार्य में उपयोग हुआ है। उसका क्या होगा अब तक इन कमरों में ताला लगा है, जो पूर्व में छोटे चाय पान होटल गुमटी लगाकर ।जब से शापिंग कांप्लेक्स का काम प्रारंभहुआ और बनकर तैयार हो गया है, आज तक हमारा धंधा चौपट है। व्यवसाय करते है, लेकिन परिवार का पूरा नहीं हो पता है हमें उम्मीद थी कि शापिंग कांप्लेक्स बनने के बाद हमें इन कमरों में स्थान मिलेगा।परिवार का पालन पोषण करते थे वह आज बाहर व्यवसाय करने को मजबूर है जिनसे उनका काम भी ठीक से नहीं चलता छोटे दुकानदारों का नुकसान हो रहा है। अगर नया जनपद पंचायत भवन अन्यत्र चला जाएगा तो इन लोगों का क्या होगा।

# विधायक मधु भगत ने अधूरी सातनारी जलाशय सिंचाई परियोजना का मुद्दा सदन में उठाया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक ने बालाघाट विकासखंड अंतर्गत लंबित पड़ी सातनारी जलाशय सिंचाई परियोजना का मुद्दा गंभीरता से सदन में उठाया। उन्होंने विधानसभा प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 267 क के अंतर्गत यह प्रश्न रखते हुए कहा कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर करोड़ों रुपये की राशि स्वीकृत की जा चुकी है और लगभग 60 प्रतिशत कार्य भी पूर्ण हो चुका है, लेकिन वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) नहीं मिलने के कारण शेष निर्माण कार्य ठप पड़ा है।

विधायक भगत ने कहा कि यह स्थिति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारी भरकम राशि खर्च होने के बावजूद परियोजना आज तक किसी निर्णायक मुकाम तक नहीं पहुंच पाई है। उन्होंने प्रश्न उठाया कि जब परियोजना को स्वीकृति दी गई थी, तब आवश्यक विभागीय अनुमतियों की प्रक्रिया समय रहते पूर्ण क्यों नहीं की गई। इससे शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े होते हैं।

सातनारी जलाशय सिंचाई परियोजना क्षेत्र के किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इसके पूर्ण होने से सैकड़ों किसानों को सिंचाई की स्थायी सुविधा मिल सकेगी, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। वर्तमान में परियोजना अधूरी होने के कारण किसान अपेक्षित लाभ से वंचित हैं।

विधायक भगत ने सदन से आग्रह किया कि वन विभाग की अनुमति सहित अन्य लंबित प्रक्रियाओं को शीघ्र पूर्ण कराने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि जनहित से जुड़ी इस परियोजना को जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि वन विभाग को विकास और जनहित के कार्यों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक समन्वय स्थापित करना चाहिए और आने वाली प्रशासनिक बाधाओं को दूर करने की दिशा में सकारात्मक पहल करनी चाहिए।

विधायक द्वारा उठाए गए इस मुद्दे पर संबंधित विभाग के मंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि संपूर्ण परिस्थितियों का गहन अध्ययन कर परियोजना को पूर्ण कराने के लिए विशेष प्राथमिकता के साथ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। अब क्षेत्रवासियों और किसानों की निगाहें शासन के अगले कदम पर टिकी हुई हैं।

# हिंसा मुक्त समाज के निर्माण के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तृतीय चरण (01 फरवरी 2026 से 08 मार्च 2026) के अंतर्गत जिले में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा के उन्मूलन एवं हिंसा मुक्त समाज के निर्माण हेतु व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह गतिविधियाँ मिशन शक्ति के तहत वन स्टॉप सेंटर बालाघाट एवं वन स्टॉप सेंटर बैहर द्वारा संचालित की गईं।

अभियान के अंतर्गत विकासखंड कटंगी की ग्राम पंचायत आम्बेझरी एवं महकेपार, विकासखंड बिरसा की देवगांव एवं पीपरटोला, विकासखंड वारासिवनी की गर्रा एवं रामपायली, विकासखंड किरनापुर की मर्री एवं बम्हनी तथा विकासखंड परसवाड़ा की सालेटेकरी, बेहराभाटा, खापाखेड़ा एवं सुकड़ी ग्राम पंचायतों में विशेष जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

कार्यशालाओं के दौरान ग्रामीणों को महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख कानूनों की जानकारी दी गई, जिनमें बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (POCSO) 2012, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, दहेज प्रतिषेध अधिनियम तथा कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम 2013 शामिल हैं। प्रतिभागियों को आपातकालीन सहायता हेतु संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं महिला हेल्पलाइन 181 की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही मिशन शक्ति अंतर्गत संचालित वन स्टॉप सेंटर एवं शक्ति सदन की सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया गया, ताकि विपत्तिग्रस्त महिलाएं एवं बच्चे आवश्यकता पड़ने पर त्वरित सहायता प्राप्त कर सकें।

अभियान के तहत ग्राम सभाओं में बाल विवाह रोकथाम को विशेष एजेंडा बनाया गया तथा ग्रामों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने हेतु प्रस्ताव पारित किए गए। संभावित बाल विवाह वाले परिवारों की मैपिंग कर उन्हें समझाइश देने एवं सतत निगरानी रखने पर भी चर्चा की गई।

# सीएम हेल्पलाईन की 100 दिनों से अधिक की लंबित शिकायतों की कलेक्टर ने समक्ष में की सुनवाई

### नियम विरूद्ध दिये गए पट्टे निरस्त करने एवं पट्टा देने वाले पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा प्रत्येक मंगलवार को सीएम हेल्पलाईन की निराकरण के लिए लंबित शिकायतों का रेंडमली चयन कर शिकायतकर्ता एवं निराकरण करने वाले अमले को समक्ष में बुलाकर सुनवाई की जाती है। इसी कडी में 24 फरवरी को कलेक्टर श्री मीना द्वारा 100 दिनों से अधिक की लंबित 05 शिकायतों की समक्ष में सुनवाई की गई और उनका निराकरण कराया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री डीपी बर्मन एवं अधीक्षक भू-अभिलेख कमल नायर भी उपस्थित थे।

वारासिवनी तहसील के अंतर्गत ग्राम मोहगांवखुर्द निवासी देवानंद पवार द्वारा नायब तहसीलदार न्यायालय में वर्ष 2014-15 में पारित आदेश की नकल मांगी गई थी, लेकिन तहसील कार्यालय द्वारा यह नकल अब तक उपलब्ध नही करायी गई थी। इस पर देवानंद पवार द्वारा सीएम हेल्पलाईन में शिकायत की गई थी और यह शिकायत 191 दिनों से लंबित थी। 24 फरवरी को समक्ष में सुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने संबंधित पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक से नकल उपलब्ध नही कराने के कारण की जानकारी ली। इस संबंध में बताया गया कि पारित आदेश का रिकार्ड नही मिलने के कारण नकल उपलब्ध नही करायी जा सकी है। इस पर कलेक्टर श्री मीना ने वारासिवनी तहसीलदार को सख्त निर्देश दिये कि एक सप्ताह के भीतर जिला कार्यालय से रिकार्ड की प्रति प्राप्त की जाए और आवेदक को नकल उपलब्ध करायी जाए।

लालबर्रा तहसील की ग्राम बांदरी के भीमराव चौरे द्वारा अपनी जमीन की सीमांकन एवं नक्शा अपडेट करने के लिए सीएम हेल्पलाईन मे शिकायत की गई थी। यह शिकायत 339 दिनों से निराकरण के लिए लंबित थी। इस प्रकरण की समक्ष में सुनवाई के दौरान संबंधित पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक को सख्त निर्देश दिये गए कि जमीन के सभी हकदारों की सहमति से उसका सीमांकन किया जाए और बटवारे का आदेश एक सप्ताह के भीतर निकाले, अन्यथा उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

लामता तहसील के ग्राम गुडरू निवासी मोतीराम भोंडेकर द्वारा आबादी भूमि का पट्टा दिलाये जाने के लिए सीएम हेल्पलाईन में शिकायत की गई थी। यह शिकायत 269 दिनों से निराकरण के लिए लंबित थी। इस प्रकरण की समक्ष में सुनवाई के दौरान संबंधित पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक द्वारा बताया गया कि मोतीराम भोंडेंकर आबादी भूमि के पट्टे के लिए पात्र नही है। कलेक्टर श्री मीना ने दस्तावेजों के परीक्षण के बाद मोतीराम को स्पष्ट बता दिया कि उसे आबादी भूमि का पट्टा नही दिया जा सकता है और उसकी शिकायत को बंद किया जा रहा है। इस पर मोतीराम ने कहा कि वह भले ही आबादी भूमि के पट्टे के लिए पात्र न हो लेकिन गांव के सरपंच पति लेखचंद बघेले एवं देवेश्वरी को आवासीय भूमि के 2-2 पट्टे प्रदाय किये गए है। ऐसा नही होना चाहिए। इस पर कलेक्टर श्री मीना ने मौके पर ही दस्तावेजों का निरीक्षण किया, जिसमें पाया गया कि इन व्यक्तियों को 2-2 पट्टे प्रदाय किये गए है। इस पर कलेक्टर श्री मीना ने नियम विरूद्ध दिये गए पट्टे निरस्त करने एवं पट्टा देने वाले पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये है।

बालाघाट तहसील के ग्राम गोंगलई निवासी कुंवरलाल ठाकरे की निजी भूमि पर भोजलाल उपवंशी द्वारा अतिक्रमण किया गया है और उसे हटाने के लिए सीएम हेल्पलाईन में शिकायत की गई थी। यह शिकायत निराकरण के लिए 272 दिनों से लंबित थी। समक्ष में सुनवाई के दौरान पाया गया कि शिकायत के निराकरण में पटवारी द्वारा लापरवाही बरती गई है और समक्ष में भी गलत जानकारी दी गई है। इस पर कलेक्टर श्री मीना ने अतिक्रमण हटाने के निर्देश देने के साथ ही पटवारी का हल्का बदलने के निर्देश भी दिये है।

किरनापुर तहसील के ग्राम दहिगडवा के किसान लक्ष्मण बिसेन द्वारा शिकायत की गई थी कि उनकी माता रादनबाई के नाम से ग्राम धारापुरी में कृषि भूमि है। उनकी माता को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधी की 02 किश्तों का भुगतान किया गया है, लेकिन उसके बाद से किश्तों का भुगतान रोक दिया गया है। उन्होंने इसके लिए सीएम हेल्पलाईन में शिकायत की थी और यह शिकायत 315 दिनों से निराकरण के लिए लंबित थी। समक्ष में सुनवाई के दौरान पाया गया कि इस प्रकरण के निराकरण में संबंधित पटवारी संकेत राणा द्वारा लापरवाही बरती गई है। जिस पर उसके विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गए है। इस प्रकरण में रादन बाई की सम्मान निधी चालू कराने के निर्देश दिये गए है।

### संबल योजना के तहत बोर्ड परीक्षा शुल्क छूट राशि लौटाई जाएगी

**बालाघाट।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट के प्रभारी प्राचार्य एवं समन्वयक श्री शरद ज्योतिषी ने बताया कि पंजीकृत असंगठित श्रमिकों के बच्चों को संबल योजना के अंतर्गत वर्ष 2024 की हाईस्कूल (10वीं) एवं हायर सेकेंडरी (12वीं) बोर्ड परीक्षा में दी गई शुल्क छूट की राशि अब संबंधित विद्यार्थियों को वापस की जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 की मुख्य परीक्षा में जिन शासकीय एवं अशासकीय हाईस्कूल/हायर सेकेंडरी विद्यालयों के संस्था प्रमुखों द्वारा संबल शुल्क छूट की कार्यवाही की गई थी, उन विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को यह राशि लौटाई जानी है। इस संबंध में पात्र विद्यार्थियों की सूची समन्वयक संस्था को प्राप्त हो चुकी है। समन्वयक द्वारा निर्देशित किया गया है कि जिन संस्थाओं को संबल शुल्क छूट की राशि वितरित की जानी है, वे अपनी संस्था का बैंक खाता क्रमांक, आईएफएससी कोड तथा बैंक शाखा का नाम बोर्ड परीक्षा विभाग, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट में 28 फरवरी 2026 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। साथ ही, जिन छात्र-छात्राओं को यह राशि वितरित की जानी है, उनकी सूची भी अवलोकनार्थ प्रस्तुत की जाएगी।

# शहर में कल सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बिजली कटौती

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट शहर के टाउन-3 फीडर में कल, 25 फरवरी को बिजली गुल रहेगी। बैहर बायपास पर बन रहे नए 33 केवी बिजली सब-स्टेशन के लिए खंभे (पोल) लगाने का काम किया जाना है, जिसकी वजह से सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक सप्लाई बंद रहेगी। बिजली कंपनी ने मंगलवार शाम को इसकी जानकारी दी। 4 घंटे के इस शटडाउन के कारण शहर के कई हिस्सों में बिजली नहीं रहेगी। मुख्य रूप से ये इलाके प्रभावित होंगे, सुषमा लेआउट और देवटोला। मस्जिद चौक और सुबराती आरा मशीन। लहरी नगर और महेंद्रम कॉलोनी। देवटोला नहर, देव नगर और बैहर बायपास। कंपनी ने लोगों से अपील की है कि काम प्रभावित न हो, इसके लिए जरूरी इंतजाम पहले से ही कर लें।

### सांसद श्रीमती भारती पारधी के सतत प्रयासों से दोहरीकरण कार्य को मिली सफलता

# गोंदिया–जबलपुर रेललाइन के दोहरीकरण को मिली मंजूरी

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** सेवातीर्थ में केन्द्रीय सरकार की पहली केबिनेट बैठक में गोंदिया से जबलपुर रेलवे लाईन दोहरीकरण को मंजूरी मिल गई है। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसे रामायण सर्किट से लेकर नार्थ से साउथ तक का एक महत्वपूर्ण कॉरीडोर बताया है। इस दोहरीकरण का सबसे ज्यादा लाभ विकास के रूप में बालाघाट जिले मिलेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने गोंदिया–जबलपुर रेललाइन के दोहरीकरण को मंजूरी प्रदान करते हुए 5236 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। इस आशय की जानकारी केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने 24 फरवरी को आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी के सतत प्रयासों से गोदिया-जबलपुर रेल लाईन के दोहरीकरण कार्य को सफलता मिली है। इस कार्य के पूर्ण होने से मध्यप्रदेश के विकास को गति मिलेगी और रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे।

रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि तकरीबन 231 किलोमीटर के गोंदिया-जबलपुर रेलवे दोहरीकरण का काम 5236 करोड़ रूपए से 5 साल में पूरा होगा। जिससे महाराष्ट्र के गोंदिया और मध्यप्रदेश के जबलपुर, मंडला, सिवनी, बालाघाट को इसका लाभ मिलेगा। इस दौरान इस लाईन में आने वाले वन्यप्राणियों की सुरक्षा के लिए 450 करोड़ रूपए अंडरपास और फेसिंग में खर्च किए जाएंगे। साथ ही रेलवे दोहरीकरण के इस काम में नर्मदा नदी में एक बड़े ब्रिज के साथ ही 65 मेजर



और 369 माईनर ब्रिज बनाए जाएंगे।

बालाघाट–सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद भारती पारधी ने इस महत्वपूर्ण परियोजना को क्षेत्र की बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि गोंदिया–जबलपुर रेललाइन के दोहरीकरण के लिए उन्होंने निरंतर प्रयास किए और विभिन्न स्तरों पर इस मांग को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने प्रधानमंत्री एवं रेल मंत्री से लगातार चर्चा कर संसदीय क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार का मुद्दा प्रभावी रूप से रखा, जिसके परिणामस्वरूप इस बहुप्रतीक्षित परियोजना को स्वीकृति मिली है। सांसद श्रीमती पारधी द्वारा सांसद बनने के साथ ही लोकसभा में गोंदिया-जबलपुर रेलवेलाईन के दोहरीकरण के दृढता से मांग रखी थी और इसे प्रदेश के आर्थिक विकास एवं रोजगार के लिए अत्यंत आवश्यक बताया था। सांसद श्रीमती पारधी के प्रयासों को सफलता मिल गई है और गोंदिया-जबलपुर रेललाईन के दोहरीकरण का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

सांसद श्रीमती पारधी ने 5236 करोड़ रुपये की स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

उल्लेखनीय है कि गोंदिया–जबलपुर रेल मार्ग उत्तर भारत को दक्षिण भारत से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। वर्तमान में इस लाइन पर सिंगल ट्रैक होने के कारण ट्रेनों की क्रॉसिंग में देरी होती है, जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। दोहरीकरण के बाद ट्रेनों का संचालन सुगम होगा और लेटलतीफी की समस्या में उल्लेखनीय कमी आएगी।

वर्तमान व्यवस्था के अनुसार उत्तर भारत से दक्षिण भारत की ओर जाने वाली ट्रेनों को नागपुर से बडनेरा होते हुए चंद्रपुर–बल्लारशाह मार्ग से गुजरना पड़ता है। गोंदिया–जबलपुर–बल्लारशाह ट्रैक के सुदृढ़ होने से ट्रेनों को नागपुर होकर जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी और वे जबलपुर से सीधे गोंदिया होते हुए बल्लारशाह पहुंच सकेंगी। इससे लगभग 271 किलोमीटर की दूरी कम हो जाएगी, जिससे समय और ईंधन दोनों की बचत होगी।

रेललाइन के दोहरीकरण से न केवल यात्री सुविधाओं में सुधार होगा, बल्कि बालाघाट–सिवनी संसदीय क्षेत्र में व्यापार, उद्योग एवं रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। क्षेत्र के समग्र विकास को गति देने वाली इस परियोजना से स्थानीय जनता में हर्ष का वातावरण है।